TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday · tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition


343 करोड़ से बन रहा नया टर्मिनल... (पेज-3)
पृष्ठ- 10 | वर्ष-01 अंक-42 | मूल्य ₹7 | मंगलवार | दिनांक- 11.08.2026

# आगरा के पं. योगेश शर्मा 'योगी' को 'रामायणी सम्मान'

**रामायण रिसर्च काउंसिल 19 अगस्त को भारतीय अध्ययन केंद्र के सहयोग से बीएचयू वाराणसी में करेगी राष्ट्रीय सम्मान**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

रामायण रिसर्च काउंसिल द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर 19 अगस्त को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी स्थित मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में भारतीय अध्ययन केंद्र के सहयोग से 'रामायणी सम्मान' समारोह आयोजित किया जाएगा। 'रामायणी सम्मान' के संयोजक एवं रामायण रिसर्च काउंसिल के ट्रस्टी आगरा में अशोक नगर निवासी रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉ. देव दत्त शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रामायणी सम्मान के लिए सात श्रेणियां रखीं थीं। इनमें- रामायण शोध सम्मान, रामकथा वाचन सम्मान, रामायण साहित्य सम्मान, रामायण संगीत सम्मान, बाल रामायणी सम्मान, राष्ट्रसेवा रामायणी सम्मान तथा श्री सीताराम-पथिक सम्मान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि देशभर से चयनित 28 विभूतियों में प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा और अनुराधा पौडवाल के साथ-साथ आगरा में लॉयर्स कॉलोनी निवासी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त वरिष्ठ कवि, साहित्यकार, राम काव्य मर्मज्ञ और विगत पाँच दशक से आगरा और आगरा से बाहर विभिन्न प्रांतों में सुंदरकांड का समधुर वाचन कर रहे पंडित योगेश चंद्र शर्मा 'योगी' जी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई से प्रारंभ हुई नामांकन प्रक्रिया 26 जुलाई



तक संचालित की गई। इस अवधि में गूगल फॉर्म, ई-मेल तथा कूरियर के माध्यम से देशभर से 250 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए। सभी नामांकनों का चयन समिति द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर निष्पक्ष एवं गहन परीक्षण किया गया। विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत समिति ने 28 विशिष्ट विभूतियों का चयन किया। जिनके नामों की औपचारिक घोषणा की गई। इन सभी विभूतियों को आगामी 19 अगस्त को बीएचयू में आयोजित 'रामायणी-सम्मान' समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

काउंसिल के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के अध्यक्ष अजय भट्ट (नैनीताल-उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड से सांसद) ने बताया कि 'रामायणी सम्मान' का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, साहित्य, शोध, रामकथा, संगीत एवं सामाजिक जागरण के क्षेत्र में रामायण आधारित उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान करना है। यह सम्मान केवल व्यक्तियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपरा, भारतीय ज्ञान-विरासत और भगवान श्रीराम एवं जगतजननी मां सीता के आदर्शों के प्रति समाज की सामूहिक श्रद्धा का भी प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि इस सम्मान का उद्देश्य है– रामायण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का राष्ट्रीय सम्मान, विभिन्न रामायण परंपराओं एवं शोध कार्यों को मुख्यधारा में लाना, नई पीढ़ी को रामायण साहित्य एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ना, भारतीय ज्ञान-परंपरा के संवाहकों का सम्मान एवं प्रोत्साहन करना तथा रामायण वाङ्मय के माध्यम से भारतीय ज्ञान की पुण्य-धारा को निरंतर प्रवाहित रखना। अजय भट्ट ने कहा कि राष्ट्र-सेवा में समर्पित व्यक्तित्व किसी न किसी रूप में भगवान श्रीसीताराम के आदर्शों का अनुसरण करते हैं। ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान समाज में सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण की भावना को और सुदृढ़ करेगा। साथ ही, वर्तमान समय में जब पारिवारिक व सामाजिक मूल्यों के समक्ष अनेक चुनौतियाँ हैं, परिवार खंडित हो रहे हैं, ऐसे में मां सीताजी एवं प्रभु श्रीराम जी के लोक कल्याणकारी संदेशों का व्यापक प्रसार बेहद आवश्यक हो गया है।

## मोदी से मिलेंगे शरद पवार गुट के सांसद

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र के दौरान आज एनसीपी (शरद गुट) के आठ सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाला है। इस मुलाकात को देखते हुए कांग्रेस ने महा विकास अघाड़ी में अपने सहयोगी दल एनसीपी (शरद गुट) से कहा है कि वह प्रधानमंत्री के सामने इंडिया गठबंधन का स्पष्ट रुख रखे। कांग्रेस चाहती है कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को महिला आरक्षण के मुद्दे से नहीं जोड़ा जाए और 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को परिसीमन की प्रक्रिया से अलग रखते हुए तुरंत लागू किया जाए। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव सचिन सावंत ने एनसीपी (शरद गुट) प्रतिनिधिमंडल से आग्रह किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने के लिए दबाव डालें। सावंत ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पता चला है कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी - शरदचंद्र पवार के सांसद सोमवार को महाराष्ट्र से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

# तिरंगा चौक पर 3117वें दिन गूंजा राष्ट्रगान

- 26 जनवरी 2018 से निरंतर जारी है देशप्रेम की अनूठी पहल
- प्रतिदिन होता है ध्वजारोहण व राष्ट्रगान, 16 को रक्तदान शिविर

टीएनएफ टुडे, आगरा।



स्थानीय तिरंगा चौक सेल्फी पॉइंट पर प्रतिदिन आयोजित होने वाले ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के सिलसिले ने एक और गौरवशाली मील का पत्थर छू लिया है। इस कार्यक्रम के 3117वें दिन मुख्य अतिथि के रूप में आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल एवं योगेश रखवानी ने आगरा व्यापार मंडल परिवार के साथ मिलकर गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया।

26 जनवरी 2018 से निरंतर बिना एक दिन के अंतराल के चल रहे इस राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रम की सभी उपस्थित गणमान्य लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की और अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बाजार कमेटी परिवार और व्यापार मंडल के कई गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बाजार कमेटी ने आगरा व्यापार मंडल के आगामी 16 अगस्त दिन रविवार को लगने जा रहे चतुर्थ रक्तदान महा शिविर में बढ़ चढ़कर रक्तदान करने का आश्वासन दिया। बाजार कमेटी ने अध्यक्ष को 25 रक्तदाताओं की सूची देते हुए कहा कि हम 50 से अधिक रक्तदानियों को वहां भेज कर इस मुहिम में आपका साथ देंगे। व्यापार मंडल के पदाधिकारी में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैयालाल राठौर, राकेश बंसल, राजेश अग्रवाल, संदीप गुप्ता, राजीव गुप्ता, अशोक लालवानी, मनोज भाटिया, खेमचंद लालवानी, योगेश रखवानी, दुष्यंत गर्ग, विमल गर्ग, सुन्दर लाल चेतवानी, कमल भाटिया आदि मौजूद रहे।

अजीत नगर बाजार कमेटी की तरफ से राजेश यादव, अजय नोतनानी, अनिल कुमार, संजय नोतनानी,तेज सिंह, डॉ. अमन सक्सेना, हुकुम सिंह, विनोद त्यागी, अरुण चौहान, अमित सागर, मनोज नोतनानी, सलमान अब्बासी, हरप्रीत सिंह उर्फ काकू सत्येंद्र दुबे, पंकज यादव, दिनेश अरोरा, सुनील कोहली उमा फौजदार, तूलिका दास सक्सेना, सुधीर कुमार, इमरान अब्बास, मनोज गुप्ता शिव शंकर सहज, अनुराग कमांडो, अनुराग सिंह, उत्कर्ष यादव, मुकेश बाबू कुशवाहा ने राष्ट्र सेवा के इस निरंतर और प्रेरणादायक अभियान को ऐसे ही आगे बढ़ाते रहने और रक्तदान करने का संकल्प लिया।

### जेएनयू में फिर तनाव

## 'उमर खालिद को रिहा करो' के लगे नारे

एजेंसी, नई दिल्ली।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र उमर खालिद की पुस्तक पर परिचर्चा के दौरान तनाव देखने को मिला। यह तनाव एबीवीपी और छात्र संघ के बीच हुआ। जेएनयू प्रशासन ने स्कूल ऑफ सोशल साइंसेंज-1 के सभागार में कार्यक्रम की अनुमति रद्द कर दी थी। लेकिन उसके बावजूद कार्यक्रम किया गया।



इसके बावजूद, यह परिचर्चा शाम को स्कूल ऑफ सोशल साइंसेंज के बाहर आयोजित की गई। उमर खालिद की पुस्तक का नाम 'फ्रैक्चरड कम्युनिटीजः आदिवासी हिस्ट्री एंड द पॉलिटिक्स ऑफ पावर' है। जेएनयू में 'उमर खालिद को रिहा करो' के नारे पहले भी लगते रहे हैं।

जेएनयू छात्र संघ सार्वजनिक तौर पर उमर खालिद की रिहाई की कई बार मांग कर चुका है। एबीवीपी की ओर से 'छात्र संघ की कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगाए गए। यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में छात्र संगठनों के बीच चल रहे वैचारिक मतभेदों को दर्शाती है। प्रशासन की अनुमति रद्द करने के बावजूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे परिसर में माहौल गरमा गया।

# शिव के जयकारों से गूंजा शहर

**बल्केश्वर महाराज का दरबार अलौकिक रूप से सजाया गया**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सावन के दूसरे सोमवार (10 अगस्त 2026) को बल्केश्वर महाराज का दरबार अलौकिक रूप से सजाया गया, जहां सुबह से ही भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान शिव के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और लाखों भक्तों ने बाबा का पवित्र जलाभिषेक व दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। सोमवार को बल्केश्वर महाराज का 'हाल-चाल' और सावन सोमवार के पावन अवसर पर बल्केश्वर महाराज का विशेष फूलों, बेलपत्र और मनमोहक वस्त्रों से दिव्य श्रृंगार किया गया है। सुबह की मंगला आरती के बाद से ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए।

रविवार रात से शुरू हुई 44 से 47 किलोमीटर लंबी आगरा नगर परिक्रमा पूरी कर कांवड़िए और शिवभक्त लगातार मंदिर पहुंच रहे हैं। बल्केश्वर महादेव मंदिर पर पैर रखने तक की जगह नहीं है और कतारें मुख्य मार्गों तक पहुंच गई हैं।

**यमुना किनारे अद्भुत छटाः** यमुना नदी के तट पर स्थित होने के कारण मंदिर और मेला क्षेत्र का नजारा बेहद विहंगम दिख रहा है। सुरक्षा को देखते हुए नदी किनारे बैरिकेडिंग की गई है और गोताखोरों की टीमें तैनात हैं।

**थके शिवभक्तों के लिए मालिशः** रिपोर्ट के अनुसार, नंगे पैर परिक्रमा पूरी कर आ रहे



श्रद्धालुओं की थकान दूर करने के लिए मेला कमेटी द्वारा 4 विशेष टीमें लगाई गई हैं जो भक्तों के पैरों की मालिश कर रही हैं।

**दो क्विंटल फूलों से स्वागतः** परिक्रमा मार्ग और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए दो क्विंटल फूलों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा माहौल सुगंधित हो उठा है।



### दावों और हकीकत का फासला

धार्मिक यात्राएं और मेले केवल फाइलों पर रूट चार्ट बनाने या शांति समिति की बैठकें आयोजित करने से सफल नहीं होते। बटेश्वर में जिस प्रकार मुख्य मंदिर में प्रवेश और जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं के दो गुट आपस में भिड़ गए, वह सीधे तौर पर भीड़ नियंत्रण (Crowd Management) की विफलता को दर्शाता है। कतारों को व्यवस्थित करने और डाक कांवड़ियों की भारी आमद को संभालने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल और बैरिकेडिंग की व्यवस्था समय रहते नहीं की गई। परिणामस्वरूप, पावन मंदिर परिसर देखते ही देखते अखाड़े में तब्दील हो गया, जिससे कई श्रद्धालु, सुरक्षाकर्मी और पुलिसकर्मी घायल हो गए और कांवड़ भी खंडित हुई।प्रशासनिक लापरवाही का आलम केवल मंदिर परिसर तक ही सीमित नहीं था। कांवड़ मार्गों पर खुले पड़े लोहे के बिजली के खंभे और बुनियादी सुविधाओं (पीने का पानी, विश्राम टेंट और रोशनी) का अभाव यह साबित करता है कि धरातल पर कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर भारी उदासीनता बरती गई। कागजों पर 'एक्शन प्लान' बेहद आकर्षक नजर आते हैं, लेकिन जब लाखों की भीड़ उमड़ती है, तो जमीनी स्तर पर मुस्तैदी ही काम आती है, जिसमें स्थानीय प्रशासन पूरी तरह विफल रहा।

**झूले और दुकानें गुलजारः** मेले में बच्चों के लिए बड़े-बड़े झूले, खिलौनों की दुकानें और चाट-पकौड़ी के स्टॉल पूरी तरह गुलजार हैं। रात भर भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा और जगह-जगह विशाल भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं।

**प्रशासनिक सतर्कताः** नगर निगम ने श्रद्धालुओं के चलने के लिए टूटी टाइल्स को पहले ही बदल दिया था। मंदिर से वाटरवर्क्स चौराहे तक 24 घंटे चलने वाला खोया-पाया केंद्र और सरकारी डॉक्टरों से लैस प्राथमिक चिकित्सा केंद्र एक्टिव हैं।

## सरकार और खेल संघों पर अफसरशाही हावीः पूनम तिवारी

बोलीं- लखनऊ में खुलेआम खेल और खिलाड़ियों को किया जाता है हतोत्साहित



विशेष संवाददाता

**आगरा/इटावा।** सरकार कोई भी हो, खिलाड़ियों के लिए सही योगदान नहीं दे पा रही है। खिलाड़ियों में से निकले अधिकारी ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। यह आरोप भारोत्तोलन की महिला एनआईएस व ओलंपिक संघ की सदस्य पूनम तिवारी ने लगाया है। वह उत्तर प्रदेश योग एसोसिएशन के आमंत्रण पर इटावा में आयोजित प्रदेश की दसवीं चैंपियनशिप में शामिल होने पहुंची थीं।

पूनम तिवारी ने कहा कि प्रतिभा खोज से लेकर योजनाएं बनाने और टीमों के चयन तक अफसरशाही का कॉकस बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वह वेटलिफ्टिंग की खिलाड़ी रही हैं। राष्ट्रीय स्तर तक खेलने के बावजूद आगे नहीं बढ़ सकीं। इसके बाद उन्हें नॉन-ओलंपिक खेलों की ओर रुख करना पड़ा। आगे खेलने की तैयारियां और अपनी बात रखने की कोशिशें भी प्रभावित हुईं।

उन्होंने कहा कि लखनऊ जैसे बड़े शहरों में खुलेआम खेल और खिलाड़ियों को हतोत्साहित किया जाता है। खेल अधिकारी और बोर्ड के लोग अपनी प्रतिष्ठा बनाने के लिए आयोजनों को प्रभावित करते हैं, लेकिन योजनाएं बनाते समय उनमें दखल देकर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का मनोबल गिराते हैं। पूनम तिवारी ने खेल व्यवस्था की कई खामियां गिनाते हुए खिलाड़ियों को विभाग और संघों के छत्र से मुक्त करने की बात कही। उन्होंने पीटी उषा जैसे खिलाड़ियों के होते हुए भी कामों में हस्तक्षेप की निंदा की। साथ ही पुराने श्रेष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव का लाभ उठाने की जरूरत बताई।

## राहुल गांधी ने छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग को बताया गलत

**नई दिल्ली।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग को गलत बताते हुए राज्य सरकार से छात्रों की बात सुनने और बातचीत के जरिए समस्या का समाधान करने की अपील की।

**'झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए'**

कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर पोस्ट कर झारखंड सरकार से प्रदर्शनकारी छात्रों की बात सुनने और उनकी समस्याओं का त्वकाल समाधान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ बल का इस्तेमाल गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है। झारखंड सरकार को इन छात्रों की बात सुननी चाहिए और हर समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।

**छात्रों की मांगों का समर्थन किया**

इससे पहले भी राहुल गांधी ने झारखंड में आंदोलन कर रहे छात्रों की मांगों का समर्थन किया था। उन्होंने आंदोलनकारी छात्रों से फोन पर बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी थीं और उनकी मांगों के प्रति समर्थन जताया था। इधर, झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने छात्र आंदोलन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में जंतर-मंतर जैसी बर्बरता और संवादहीनता की स्थिति नहीं बनी है। सरकार ने छात्रों के आंदोलन से पहले ही मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि सीआईडी जांच, गिरफ्तारियों और डिजिटल समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत जांच जारी है।

# महतो की बिगड़ी तबीयत, विधानसभा गेट पर फिर लाठीचार्ज

एजेंसी, रांची।

छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत अचानक से बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। वहीं झारखंड विधानसभा घेराव के दौरान सोमवार शाम एक बार फिर छात्रों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बनी। विधानसभा के गेट नंबर-1 के पास बैठे सैकड़ों छात्रों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस की कार्रवाई के बाद छात्रों में भारी आक्रोश है और उन्होंने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है।

**देवेंद्र नाथ महतो की बिगड़ी तबीयत**



प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। उनके समर्थक भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। महतो ने कहा कि वह पिछले 17 दिनों से सत्याग्रह और नौ दिनों से भूख हड़ताल पर हैं।

उन्होंने कहा, 'लाठी, गोली, बंदूकों से सरकार नहीं चलती है। सरकार जनता को संतुष्ट रखकर चलती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें प्रताड़ित किया गया और जबरदस्ती एंबुलेंस में डाल दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई को जारी रखेंगे।

**गेट के पास बैठे छात्रों को हटाने के लिए पुलिस ने अपनाई सख्ती**

जानकारी के अनुसार, बड़ी संख्या में छात्र विधानसभा गेट नंबर-1 के पास बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने पहले छात्रों से गेट के पास से हटने का आग्रह किया। बार-बार अपील के बावजूद जब छात्र वहां से नहीं हटे तो पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए सख्ती शुरू कर दी। इसके बाद छात्रों को खदेड़ते हुए जगन्नाथ मंदिर की ओर ले जाया गया।

### लाठीचार्ज और भगदड़ में कई छात्रों के घायल होने का दावा

लाठीचार्ज और भगदड़ में कई छात्रों के घायल होने की बात सामने आई है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि दर्जनों छात्रों को चोटें आई हैं। कई छात्र भगदड़ में गिर गए, जबकि कुछ छात्राओं के भी घायल होने की सूचना है।

### 'अब सीधे मुख्यमंत्री से होगी वार्ता'

लाठीचार्ज की घटना के बाद छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि अब सरकार के साथ किसी स्तर पर वार्ता नहीं होगी। छात्रों ने स्पष्ट किया कि यदि बातचीत होगी तो सीधे मुख्यमंत्री के साथ होगी, अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आंदोलन को और व्यापक तथा तेज करने का ऐलान किया।

### दिन में भी कई बार बनी तनाव की स्थिति

गौरतलब है कि सोमवार को विधानसभा घेराव के दौरान दिन में भी कई बार पुलिस और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच तनाव की स्थिति बनी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा कई जगहों पर लाठीचार्ज भी किया गया।

### JPSC-JSSC मुद्दे पर और गरमा सकता है आंदोलन

शाम को विधानसभा गेट के पास हुई कार्रवाई और देवेंद्र नाथ महतो की तबीयत बिगड़ने के बाद JPSC-JSSC के मुद्दे पर चल रहा छात्र आंदोलन और अधिक गरमा गया है। छात्रों के तेवर से साफ है कि आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

## कर्नाटक में ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाईः 39 लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में आठ विदेशी नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 55.80 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त की हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई मिशन राइज के तहत 'बेडा ब्रो' कार्यक्रम और बंगलूरू सिटी पुलिस के नशा विरोधी अभियान के तहत की गई। बंगलूरू सिटी पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि मिशन राइज के तहत बंगलूरू और अन्य रपुलिस ने बताया कि जब्त नशीले पदार्थों में एमडीएमए, हाइड्रो गांजा, कोकीन और गांजा शामिल हैं। उन्होंने कहा, "इस कार्रवाई में 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें आठ विदेशी, 21 अन्य राज्यों के और 10 स्थानीय लोग हैं। यह शहर पुलिस की 16 इकाइयों, जिसमें सीसीबी भी शामिल है, की ओर से की गई बड़ी कार्रवाई है।"

## आगरा में बने हाईकोर्ट की बेंच

# फतेहाबाद और खेरागढ़ में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद-खेरागढ़।

अधिवक्ताओं की आगरा और अलीगढ़ मंडल में उच्च न्यायालय की खंडपीठ हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर सामने आई है। हाईकोर्ट संघर्ष समिति आगरा के आह्वान पर सोमवार को बार एसोसिएशन फतेहाबाद के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर कार्य बहिष्कार किया। बार एसोसिएशन फतेहाबाद के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता और सचिव विष्णु गुर्जर के नेतृत्व में न्यायिक मजिस्ट्रेट फतेहाबाद को एक ज्ञापन सौंपा गया और हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने बेंच स्थापना के समर्थन में प्रभात फेरी निकाली और हुंकार भरी। प्रभात फेरी और विरोध प्रदर्शन में व्यस्त रहते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इसके चलते न्यायालय परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और दूर-दराज से आए वादकारियों को बिना सुनवाई के ही मायूस होकर लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक खंडपीठ की स्थापना नहीं हो जाती, आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

उधर, खेरागढ़ में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम नरेंद्र गंगवार को सौंपा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिओम सिकरवार ने कहा कि जस्टिस जसवंत सिंह आयोग ने आगरा को हाईकोर्ट की खंडपीठ के लिए उपयुक्त माना था, लेकिन अभी तक खंडपीठ की स्थापना नहीं हो सकी है। अधिवक्ताओं ने कहा कि आगरा और आसपास के जिलों के वादकारियों को न्याय के लिए प्रयागराज जाना पड़ता है। इससे समय और धन की अतिरिक्त खपत होती है। आगरा में खंडपीठ स्थापित होने से लोगों को सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय मिल सकेगा। ज्ञापन के माध्यम से आयोग की रिपोर्ट के आधार पर खंडपीठ स्थापित करने की मांग की गई।



# 7 दिन में पीएचसी न सुधरी तो धरना-प्रदर्शन

## पीएचसी निबोहरा पर अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निबोहरा की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। सोमवार को निबोहरा में आयोजित पंचायत में निबोहरा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यदि पीएचसी निबोहरा पर 7 दिनों के भीतर स्वास्थ्य समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। पंचायत के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा के नाम ज्ञापन अभिषेक चौहान अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद को सौंपा गया।

भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के बैनर तले हुई पंचायत में वक्ताओं ने कहा कि केवल चिकित्सा अधिकारी का आना काफी नहीं है। अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ, जरूरी दवाएं, जांच सुविधाएं, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई सुनिश्चित करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने मांग की कि पूर्व में चिकित्सक की अनुपस्थिति की निष्पक्ष जांच कर वेतन वसूली की जाए तथा जर्जर भवन के निर्माण में खर्च हुए सरकारी बजट की जांच कराई जाए। इस दौरान जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह, वीरभान सिंह फौजी, बीरी सिंह, श्रीचंद वर्मा, प्रधान दिमान सिंह,श्यामवीर वर्मा, जीतू, ब्रजकिशोर, रोहित प्रताप सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व क्रिकेटर राजेंद्र गुप्ता के निधन पर शोक

बाह। बाह क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व खिलाडी राजेंद्र गुप्ता के निधन पर बाह में खेल एवम व्यवसायी वर्ग में शोक व्याप्त हो गया। स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता के निधन की खबर ने सभी को चौंका दिया। हमेशा खुशहाल रहने बाला मुस्काता चेहरा उनका परिचय था। उनके निधन पर स्तब्ध खेल जगत ने शोक व्यक्त क्रिया। दुःख जताने वालों में आशुतोष नेहरू शंकर देव तिवारी हृदय नारायण शर्मा, सतीश पचौरी, अरविंद बरूआ, मुकेश शर्मा, सचिन गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, अश्वनी शर्मा, मुकेश गुप्ता, शरद शर्मा, विमल शर्मा, अरुण दुवे, कृपा नारायन शर्मा, अमित भदौरिया, मनीष, अकरम, विनोद राजपूत, बलदाऊ, निर्देश तिवारी, रितेश गुप्ता आदि लोग हैं।





## रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

खेरागढ़। अपना घर सेवा समिति, खेरागढ़ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले 13वें विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का रविवार को फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर एवं खेरागढ़ विधायक भगवान सिंह कुशवाह द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अगस्त (शनिवार) को राधा पैलेस, खेरागढ़ में प्रात: 9 से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में समिति के संस्थापक रम्मो लाल गोयल, अध्यक्ष गिर्राज किशोर सिंघल, ब्लड प्रबंधक प्रमोद कुमार मित्तल, शिविर संयोजक विजय गर्ग, मंत्री उमाशंकर गोयल, मीडिया प्रभारी सचिन गोयल, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र यादव,विधायक प्रतिनिधि सोवरन सिंह कुशवाहा सहित समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद फूलन देवी का जन्मदिन मनाया

पिनाहट। विश्व की चर्चित क्रांतिकारी एवं पूर्व सांसद का जन्म दिवस पिनाहट और अरनोटा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने उनके जीवन संघर्ष, कठिन परिस्थितियों और उनके साथ हुए अत्याचारों से जुड़ी घटनाओं को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि फूलन देवी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और विपरीत परिस्थितियों का सामना किया और बाद में राजनीति में प्रवेश कर संसद तक का सफर तय किया। वक्ताओं ने उनके जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उनके संघर्ष औरसामाजिक जीवन को याद किया।पिनाहट एवं अरनोटा में आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद लोगों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके विचारों और सामाजिक संघर्षों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विजय सिंह वर्मा,होतीलाल निडर, अजय राजपूत,पुन्नीलाल प्रधान, संजय कुमार, प्रहलाद सिंह, नेत्रपाल, नंदन किशोर आदि मौजूद रहे।

## अलौकिक रूप से सजा बल्केश्वर महाराज का दरबार



आगरा। सावन के दूसरे सोमवार को बल्केश्वर महाराज का दरबार अलौकिक रूप से सजाया गया। जहां सुबह से ही भक्तों का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान शिव के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और लाखों भक्तों ने बाबा का पवित्र जलाभिषेक व दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया।

## गृहक्लेशः महिला ने पी लिया तेजाब, मौत

आगरा। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला के तेजाब पी लेने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, महिला के तेजाब पी लेने की जानकारी होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया। मृतका का नाम मुस्कान (20) पत्नी आकाश है। उसके पिता भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि मुस्कान की शादी करीब दो वर्ष पूर्व टेढ़ी बगिया क्षेत्र निवासी आकाश से हुई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पारिवारिक गृहक्लेश के चलते मुस्कान ने तेजाब पी लिया था। उपचार के दौरान मुस्कान की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## कांवड़ और परिक्रमा मार्गो का निरीक्षण

खेरागढ़। श्रावण मास में क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री गुजरते हैं,जिनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। सोमवार को डीसीपी वेस्ट आदित्य सिंह ने खेरागढ़ क्षेत्र का दौरा कर कांवड़ व परिक्रमा मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थलों और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों को श्रद्धालुओं के निर्बाध जलाभिषेक, सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी पूरी सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए।

## कांवड़ियों की सेवा में जुटी पुलिस

पिनाहट (आगरा)। सावन के दूसरे सोमवार को चंबल नदी पार कर मध्यप्रदेश जाने वाले कांवड़ियों के लिए थाना पिनाहट परिसर अस्थायी विश्राम स्थल बन गया है। प्रभारी निरीक्षक वीपी गिरि के निर्देश पर पुलिस ने शिवभक्तों के ठहरने और खाने-पीने का पूरा प्रबंध किया है। स्टीमर से प्रतिदिन सैकड़ों कांवड़िए जा रहे हैं। उनके साथियों के लिए थाने के अंदर गद्दे-फर्श बिछाकर पंखे और कूलर लगाए गए हैं। रातभर बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां आराम करते हैं। दोपहर में धूप से बचने के लिए भी दर्जनों कांवड़िए थाने में ठहराव कर रहे हैं। पुलिस कर्मी अपनी ओर से कांवड़ियों को चाय-नाश्ता, नमकीन-बिस्कुट और पानी की बोतलें दे रहे हैं। स्टीमर पर भीड़ अधिक होने पर पुलिस ने तैनाती कर आम लोगों को रोककर पहले कांवड़ियों को नदी पार कराया।

## कांवड़ियों से भरा ऑटो पलटा, तीन घायल

पिनाहट। अपने साथियों को कांवड़ देकर ओटो से आगे की ओर आ रहे कांवड़ियों से भरा ओटो सड़क किनारे पलट गया। जिसमें सवार कांवड़ियों को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। रविवार रात करीब 12 बजे थाना बसई अरेला क्षेत्र स्थित राटौटी गांव के पास मोड़ पर कांवड़ियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में ऑटो सवार तीन कांवड़िये घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए पिनाहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों कांवड़िए अंकित, रामनरेश और रघुराज निवासी अम्बाह मुरैना मध्यप्रदेश ने बताया कि वे थाना पिढौरा क्षेत्र के गांव बलाई यमुना घाट से ऑटो किराये पर लेकर पिनाहट के लिए निकले थे। उनके साथी पीछे से कांवड़ लेकर आ रहे थे। राटौटी गांव के पास मोड़ पर अचानक ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया। तीनों घायलों का स्वास्थ्य टीम द्वारा तत्काल उपचार किया गया है।

## खड़ी बस से टकराई बाइक, युवक घायल

खेरागढ़। थाना क्षेत्र के नगला कमाल चौराहे के पास सोमवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी बस से तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गढ़ी निवासी नरेंद्र (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसएन इमरजेंसी भेज दिया। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।



## चेयरमैन ने बुलाए बिजली अधिकारी, एक महीने से ध्वस्त पड़ी बिजली व्यवस्था पर जताई नाराजगी

खेरागढ़। कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित सियाराम गली और उससे जुड़ी गलियों में करीब एक महीने से चली आ रही विद्युत समस्या को लेकर आखिरकार उपभोक्ताओं को राहत मिली। लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने से करीब सौ परिवारों के लोग परेशान थे। शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होने पर पीड़ित उपभोक्ताओं ने अपनी समस्या चेयरमैन सुधीर गर्ग के सामने रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन सुधीर गर्ग ने तत्काल विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता को मौके पर बुलाया और अधिकारियों के सामने उपभोक्ताओं की समस्या रखी। मौके पर विद्युत ट्रांसफार्मर रखे जाने से संबंधित समस्या का समाधान कराया गया, जिसके बाद प्रभावित लोगों को राहत की उम्मीद जगी। चेयरमैन के हस्तक्षेप के बाद मौके पर विद्युत अधिकारियों की मौजूदगी में समस्या का समाधान कराया गया। इस दौरान पीड़ित उपभोक्ताओं के साथ नगर पंचायत सभासद हृदेश अग्रवाल और भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष महेश गर्ग भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मेला हमारी सांस्कृतिक पहचानः छोटेलाल वर्मा, फतेहाबाद में कंस मेले का किया गया भव्य उद्घाटन



फतेहाबाद। कस्बा फतेहाबाद स्थित विकास खंड कार्यालय के निकट बने मेला ग्राउंड पर लगने वाले कंस मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा ने कहा, कि मेले और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा और सांस्कृतिक पहचान हैं। ये आयोजन न केवल हमारी पौराणिक धरोहर को संजोकर रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर मेला प्रबंधक अरविंद पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। और बताया कि कंस मेला 10 अगस्त से 15 सितंबर तक करीब डेढ़ माह तक चलेगा। मेले में करीब एक दर्जन झूले, मीना बाजार, खाने के सामान सहित अन्य आकर्षक सामान मेले में लगे हुए हैं। जिसका क्षेत्रीय लोग आनंद उठाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, सभासद नितिन गुप्ता पंछी, राजेश शर्मा, महेंद्र वर्मा, आलोक बछरवार, अवकेश गोलस, राजेश वर्मा प्रधान, हरिओम प्रधान, जयप्रकाश वर्मा, सुभाष वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल की बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



इटावा सफारी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय 10वीं उत्तर प्रदेश स्टेट योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जनपद आगरा की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 17 जिलों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में डॉ. एमपीएस वर्ल्ड स्कूल की छात्राएं ओवरऑल चैंपियन रहीं। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता टीम को चैंपियन ट्रॉफी, पदक एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक, बुंदेलखंड जोन, झांसी एच.वी. गिरीश ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि डीआरएम मैकेनिकल, रेलवे आगरा राजकुमार वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग विकास नायक तथा मथुरा पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर, सर्जरी विभाग डॉ. आर.पी. पहिया उपस्थित रहे। सफारी पार्क के निदेशक एवं उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मुकेश राय तथा जनरल सेक्रेटरी ए.के. सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यालय के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर ए के सिंह ने योग प्रशिक्षक डॉ. मुकेश राय और रश्मि की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास, धैर्य और मानसिक संतुलन विकसित करने की जीवन-पद्धति है। प्रधानाचार्या राखी जैन ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि योग में राज्यस्तरीय चैंपियन बनना विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। छात्राओं ने अपनी लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से यह सिद्ध किया है कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## छात्र-छात्राओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

आगरा। नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं को जागरूक करने तथा नशा-मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से सेठ पदम चंद जैन प्रबन्धन संस्थान में ह्लनशा-मुक्त युवाह्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता डॉ. पूनम तिवारी ने युवाओं को नशे के विभिन्न पहलुओं, इसके शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों तथा नशे की गिरफ्त से बाहर आने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. पूनम तिवारी ने कहा कि समाज में नशे, मद्यपान और व्यसन जैसे विषयों पर लोग अक्सर खुलकर बात करने से बचते हैं। जबकि नशे की समस्या पर चुप्पी साधना इसका समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस विषय पर खुलकर और स्पष्ट रूप से संवाद करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को यह संदेश दिया गया कि नशे की शुरूआत चाहे कितनी भी छोटी क्यों न हो, समय के साथ यह व्यक्ति की स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और भविष्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए नशे से बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# आगरा की बालिका और बुलंदशहर के बालक ओवरआल चैंपियन

## उत्तर प्रदेश 10वीं स्टेट योग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन

इटावा। उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 10वीं स्टेट योग प्रतियोगिता का आयोजन के अंतिम दिन में मुख्य अतिथि एचब गिरीश, मुख्य वन संरक्षक बुंदेलखंड जॉन, झांसी, विशिष्ट अतिथि राजकुमार वर्मा, डीआरएम मैकेनिक रेलवे आगरा, विकास नायक, प्रभातिया प्रभातिया निर्देश सामाजिक वानिकी प्रभाव डॉक्टर आरपी पांडे, सेनि. प्रोफेसर सर्जरी विभाग मथुरा, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय रहौ डॉ अनिल पटेल आईएफएस निर्देशक इटावा सफारी पार्क, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा अतिथि अतिथियों को पुष्प कुव व स्मृति चिह्न देकर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि एचपी गिरीश ने बच्चों को दैनिक जीवन में नियमित योग करने एवं अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की सफारी पार्क में इस तरह का आयोजन बच्चों के लिए काफी प्रेरणादायक हुआ। अतिथियों के सामने आगरा की वंशिका यादव एवं दीपेंद्र द्वारा आर्टिस्टिक एवं प्रदर्शन उन्नाव की बालिका भूमि तिवारी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉक्टर वीपी सिंह जनरल सेक्रेटरी, इंडियन योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑल इंडिया, अरुण कुमार सिंह वाइस प्रेसिडेंट उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, डॉक्टर मुकेश राय अध्यक्ष टेक्निकल कमेटी एवं एके सक्सेना जनरल सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के निर्देशन में किया गया। मंच पर कार्यक्रम का संचालन इटावा सफारी पार्क के बीबीएन सिंह ने किया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ अयूब सिद्दीकी (अयोध्या) ने अतिथियों, प्रतिभागियों और निर्णायकों का आभार व्यक्त किया' चैंपियनशिप में निर्णायक मंडल में रुपेश अग्रवाल, उमा सिंह, सनी प्रताप सिंह, आनंद बाबू, कृष्ण अवतार गुप्ता आदि ने डॉक्टर मुकेश राय के निर्देशन में कार्य किया।



## ये क्या... ट्यूब को ही नाव बना डाला

# जान जोखिम में डाल नदी पार करने को मजबूर हैं ग्रामीण

### उटंगन नदी पर पुलिया निर्माण की उठी मांग

टीएनएफ टुडे, पिनाहट।



ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरनोटा के गांव सुखलालपुरा में उटंगन नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। नदी पर पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार उटंगन नदी में पानी बढ़ने पर गांव का संपर्क प्रभावित हो जाता है। ऐसे में जरूरी सामान को नदी के दूसरी ओर ले जाने के लिए ग्रामीणों को ट्यूब का सहारा लेना पड़ता है। हाल ही में एक महिला ट्यूब पर बैठकर घरेलू सामान नदी के पार ले जाती दिखाई दी, जिसका वीडियो और तस्वीरें ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों को मजबूरी में जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से उटंगन नदी पर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि गांव के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और बरसात के दौरान होने वाली परेशानी से निजात मिल सके।

## बायोएजेंट आधारित पादप रोग प्रबंधन पर व्याख्यान

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के छलेसर परिसर स्थित कृषि विज्ञान विभाग में बायोएजेंट आधारित पादप रोग प्रबंधनः एक पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान कानपुर के डॉ. अरशद हुसैन द्वारा दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को जैव-एजेंट के उपयोग, जैविक रोग नियंत्रण तथा पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सौरभ कुमार (सहायक प्रोफेसर) रहे। इस अवसर पर डॉ. कार्तिक तोमर, डॉ. मनीष शर्मा एवं डॉ. योगेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 112 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# मूंग खरीद के लिए 9 केन्द्र खोले, 22 सितंबर तक की जाएगी खरीद

टीएनएफ टुडे, आगरा।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा प्रदेश में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जायड फसल दलहन-तिलहन मूंग/मूंगफली/उरद खरीद के लिए 22 सितंबर तक का समय रखा गया है। जनपद में पीसीएसएफ, पीसीयू, यूपीएसएस एवं जैफेड क्रय एजेन्सियों के माध्यम से केन्द्र खुलवाने के दिये गये निदेशों के क्रम में जनपद आगरा में क्रय एजेन्सी पीसीएसएफ एवं पीसीयू के माध्यम से जिलाधिकारी मनीष बंसल से अनुमोदनोपरान्त केन्द्र प्रभारी नियुक्त करते हुए विकास खण्ड/तहसीलों में कृषकों से मूंग खरीद करने हेतु क्रय केन्द्र संचालित कराये जा रहे हैं। जनपद में पीसीयू के माध्यम से सहकारी संघ/पूर्ति भण्डार लिमटेड डाबर के संघ परिसर, फतेहपुर सीकरी विकास खण्ड एवं किरावली तहसील में क्रय केन्द्र संचालित किया जा रहा है। जहां क्रय केन्द्र प्रभारी अमित कुमार हैं। जगनेर, खेरागढ़ में क्रय केन्द्र प्रभारी सचिन, सकुशल किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि. के नवीन मण्डी आगरा स्थित क्रय केन्द्र, बरौली अहीर विकास खण्ड एवं सदर तहसील में क्रय केन्द्र प्रभारी विनोद हैं।

कृषकों से अनुरोध है कि सम्बन्धित मूंग क्रय केन्द्रों पर पहुंचकर मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जायड फसल मूंग को निर्धारित मूल्य पर विक्रय कर शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठायें। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी मूंग खरीद केन्द्र प्रभारी द्वारा कृषकों से मूंग खरीद में किसी भी प्रकार की अनियमितता की जाती है तो कृषक जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम पर किसी भी कार्यदिवस में प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

अब देशभर के लिए खुलेंगे हवाई रास्ते

# 343 करोड़ से बन रहा नया टर्मिनल, फरवरी से शुरू हो सकता है नया सिविल एन्क्लेव

टीएनएफ टुडे, आगरा।

ताजनगरी में हवाई कनेक्टिविटी को नई उड़ान मिलने वाली है। खेरिया एयरपोर्ट पर निमार्णाधीन नए सिविल एन्क्लेव का संचालन फरवरी 2027 से शुरू होने की संभावना है। इसके शुरू होने के बाद आगरा से देश के अन्य प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ानें शुरू होने का रास्ता साफ होगा। फिलहाल आगरा से मुंबई और बंगलुरु के लिए सीधी फ्लाइट संचालित हो रही हैं। खेरिया एयरपोर्ट के विस्तार को गति देने के लिए नए सिविल एन्क्लेव और रनवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद निर्माण कार्य में और तेजी आई है। खास बात यह है कि टर्मिनल और रनवे दोनों का काम समानांतर चल रहा है। दोनों परियोजनाओं को 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### नवंबर तक सिविल एन्क्लेव और रनवे का काम होगा पूरा

#### छह एयरोब्रिज, छह एस्केलेटर और 12 लिफ्ट

यात्रियों को विमान तक पहुंचने में सुविधा देने के लिए नए टर्मिनल में छह एयरोब्रिज बनाए जाएंगे। इसके अलावा यात्रियों की आवाजाही के लिए छह एस्केलेटर और 12 एलिवेटर लगाए जाएंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह टर्मिनल आगरा आने वाले घरेलू यात्रियों के साथ-साथ ताजनगरी से दूसरे शहरों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए भी बड़ी सुविधा साबित हो सकता है।

**60 हेक्टेयर में तैयार हो रहा सिविल एन्क्लेव**

खेरिया एयरपोर्ट को ही विस्तार देकर आधुनिक सिविल एन्क्लेव के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिविल एन्क्लेव और रनवे से जुड़ा निर्माण करीब 60 हेक्टेयर भूमि में किया जा रहा है। इसके लिए धनौली, अभयपुरा और बल्हैरा गांव की जमीन ली गई है। पूरी परियोजना पर करीब 343 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। नए सिविल एन्क्लेव के तैयार होने के बाद यात्रियों को मौजूदा एयरपोर्ट की तुलना में बेहतर और आधुनिक सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

**33,845 वर्ग मीटर में बनेगा आधुनिक टर्मिनल**

नए टर्मिनल भवन का निर्माण करीब 33,845 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। इसमें यात्रियों की सुविधा और तेज चेक-इन प्रक्रिया के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं होंगी। टर्मिनल में 19 चेक-इन काउंटर और 12 ई-चेक-इन काउंटर बनाए जाएंगे। सुरक्षा जांच के लिए छह सिक्योरिटी काउंटर और तीन फुल बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे। नई टर्मिनल बिल्डिंग की यात्री क्षमता करीब 1400 यात्रियों की होगी। इसमें एक समय में 700 यात्रियों के आगमन और 700 यात्रियों के प्रस्थान की क्षमता शामिल होगी।

#### 90 करोड़ से रनवे का विस्तार

सिविल एन्क्लेव के साथ एयरपोर्ट के रनवे का विस्तार और निर्माण भी किया जा रहा है। इस पर करीब 90 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

रनवे के लिए करीब 37 हेक्टेयर भूमि खरीदी गई है। नए रनवे के तैयार होने के बाद छोटे विमानों का परीक्षण किया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से आवश्यक क्लीयरेंस लेना होगा। इसके बाद नए रनवे के संचालन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

# सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की नजर में रहे शिव भक्त

## कैलाश मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, एसीपी हरीपर्वत ने किया निरीक्षण



टीएनएफ टुडे, आगरा।

पुलिस कमिश्नर आगरा दीपक कुमार के निर्देशन में पावन श्रावण मास के सोमवार के अवसर पर कमिश्नरेट आगरा के सभी प्रमुख शिवालयों एवं मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा तथा निर्बाध दर्शन-जलाभिषेक सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध किए गए हैं। मंदिर परिसरों एवं प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (हरीपर्वत) ने स्थानीय पुलिस बल के साथ श्री कैलाश मंदिर परिसर एवं परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पुलिस बल श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन-पूजन उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। समुचित सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावी यातायात प्रबंधन के बीच श्रद्धालु शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं।

## पिन कोड से पता करें नजदीकी आधार केन्द्र

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को आधार अनुश्रवण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में हुई। इसमें निर्देश दिये गये कि आधार भुवन पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र का पोस्टल पिन कोड अंकित करने पर नजदीकी आधार सेवा केन्द्र का पता लगाकर आधार सम्बन्धी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है, इसका प्रचार प्रसार कराया जाए।

भारतीय विशिष्ट प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा नामित समिति के सदस्य द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि यूआईडीएआई के द्वारा बनाई गयी आधार एप तकनीक से व्यक्ति स्वयं घर बैठे अपना मोबाइल नम्बर, पता एवं ईमेल आईडी स्वयं एवं परिवार सहित अपडेट कर सकता है। बैठक में समस्त आधार केन्द्र संचालकों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी आधार सेवा केन्द्रों पर आधार सुविधा शुल्क की सूची चस्पा करने के निर्देश दिये गये। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रपत्र लाने वाले आवेदकों को चिन्हित कर कि वह उक्त फर्जी जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रपत्र कहा से बनवा रहे है उनका पता करते हुए ऐसे फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। आधार का कार्य करने वाले समस्त बैंक, सीएससी सेन्टर, इंडिया पोस्ट, इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक इत्यादि को आधार किट सक्रिय कराकर सुचारू रूप से कार्य करने के निर्देश दिये गये।

‘हर घर तिरंगा अभियान’ में जुड़ेगा कारवां

# जिले में 15 अगस्त तक तीन चरणों में होंगे तिरंगा महोत्सव, रैलियां, तिरंगा मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम

टीएनएफ टुडे, आगरा।



शासन के निदेशों के क्रम में जनपद में “हर घर तिरंगा अभियान-2026” को व्यापक जनसहभागिता के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न चरणों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तिरंगा आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के तहत विद्यालयों की दीवारों एवं परिसरों को तिरंगा प्रेरित कलाकृतियों से सजाने, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा विभिन्न सार्वजनिक एवं प्रमुख स्थलों पर “हर घर तिरंगा” प्रदर्शनी के प्रदर्शन की कार्यवाही की जाएगी। विद्यार्थियों द्वारा सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आभार पत्र भी भेजे जाएंगे। स्थानीय बाजारों में तिरंगा एवं तिरंगा संबंधी वस्तुओं की बिक्री को प्रोत्साहित करने के साथ ही तिरंगा प्रकाश एवं सजावट की जाएगी। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों, शहीद स्थलों, स्मारकों एवं मूर्तियों की साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई भी कराई जाएगी। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी संस्थानों में स्वतंत्रता आंदोलन आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान “तिरंगा महोत्सव”, “तिरंगा मेला” एवं “तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट” जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा मेले में स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय उद्यमों द्वारा निर्मित उत्पादों तथा तिरंगा थीम पर आधारित खाद्य सामग्री, परिधान, वस्त्र एवं अन्य सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। घरों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा शहीद एवं अमृत सरोवरों आदि पर ध्वजारोहण एवं तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा अभियान की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली में राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रम एवं “वंदे मातरम्” का गायन होगा। विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा खो-खो, कबड्डी आदि खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों, वृद्धाश्रमों, निराश्रित आश्रमों, दिव्यांग आश्रमों एवं अन्य बाल संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित कर मिठाई वितरण किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से “हर घर तिरंगा अभियान-2026” में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने तथा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने की अपील की गई है।

कलश यात्रा में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

# श्री राजेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



पावन श्रावण माह के सोमवार को प्राचीन श्री राजेश्वर महादेव मंदिर से श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत यात्रा में मातृशक्ति पीतांबरा वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लेकर नंगे पांव चलती हुई भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाती रहीं। बैंड-बाजों की मधुर धुन और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मार्ग शिवमय हो उठा। मंगल कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्ति में सराबोर मातृशक्ति बैंड की धुन पर झूमती-नाचती हुई आगे बढ़ीं, यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, प्राचीन राजेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई यात्रा गाय का मंदिर, महादेव नगर होते हुए शमसाबाद रोड स्थित कथा स्थल पहुंची। जहां विधिवत पूजन के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पं.श्री विकासानंद जी महाराज के मुखारविंद से शिव महापुराण हैं।कथा की अमृतवर्षा हुई। भगवान शिव की महिमा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि श्रावण माह में भगवान शिव की आराधना और शिव महापुराण का श्रवण मनुष्य के जीवन को भक्ति, शांति और सद्मार्ग की ओर ले जाता है। कथा के दौरान श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन होकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाते रहे। समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि श्रावण माह में भगवान शिव की भक्ति का अपना विशेष महत्व है। मंगल कलश यात्रा में मातृशक्ति और श्रद्धालुओं की जिस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता रही। वह सनातन संस्कृति और शिव भक्ति की अद्भुत झलक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार,एकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। मुख्य रूप से श्री राजेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वशिष्ठ, सुरेश चंद्र भदौरिया, किशन झा, सुनीता, रामादेवी, गुड्डी, सुमन, मंजू, रचना, मिथिलेश, खुशबू, पूनम, उषा देवी, गीता, मुन्नी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## खेरागढ़ में तीन वारंटी गिरफ्तार

**खेरागढ़।** अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खेरागढ़ पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में जैकी उर्फ जयवीर पुत्र भागीरथ परमार (22), सचिन सिंह पुत्र भागीरथ परमार (26) निवासी गांव निमेना तथा वीरू पुत्र सोरन सिंह (50) निवासी नगला उदैया शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक सचिन सिंह के खिलाफ खेरागढ़ थाने में मुकदमा दर्ज है। वीरू के खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामला दर्ज है। तीनों आरोपी न्यायालय से जारी वारंट में वांछित चल रहे थे। थानाध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दीपक पाठक, रविप्रकाश यादव, देवेंद्र कुमार मिश्रा और अजय तोमर की टीम ने दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार किया।

तिरंगे की शान में वंदे मातरम की जय-जयकार

# भाजपा महानगर अर्जुन नगर मंडल में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में आगरा महानगर के मंडलों में निकलने वाली भव्य तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत सोमवार को छावनी विधानसभा के अर्जुन नगर मंडल की भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छावनी विधानसभा से विधायक डॉक्टर जीएस धर्मेश एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता रहे। भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर के हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत अर्जुन नगर मंडल के अर्जुन नगर तिराहे से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, व्यापारी बंधुओं ने हाथों में तिरंगा लेकर सहभागिता की। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि नारे लगाए गए।

महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। सभी भारतीयों का फर्ज है कि तिरंगे की आन, बान और शान के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दे। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लोगो ने घर घर तिरंगा अभियान को घर घर का आयोजन बना दिया है।

विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के अंदर राष्ट्र के गौरव और आदर की भावना को मजबूती प्रदान करने का जन अभियान है। यात्रा में मुख्य रूप से हेमेंद्र शर्मा, महामंत्री महेश शर्मा, उपाध्यक्ष मनवीर चौहान, सह कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल, योगेश त्यागी, मधु शर्मा, संदीप परिहार, मनीष ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जय सिंह सरदारा, अजय गोस्वामी, इंदरपाल सिंह, मनीष खेत्रपाल, अजय भल्ला, आदित्य अग्रवाल, संदीप शर्मा, सुनील चक, सुशीला त्यागी, राजबाला बघेल, नीतू सोलंकी, उमंग उपाध्याय, विकास अग्रवाल, दिनेश परिहार, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## देश में नफरत और हिंसा फैलाना चाहती है आम आदमी पार्टी: केके भारद्वाज

**आगरा।** भाजपा नेता केके भारद्वाज ने आप नेता अरविंद केजरीवाल के बयान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाली भाषा का इस्तेमाल किया गया।

भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल के बयान से आम आदमी पार्टी का चेहरा बेनकाब हो गया है। यह साबित हो गया है कि आप देश में नफरत व हिंसा फैलाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद किसी दल या व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक जनादेश और संवैधानिक व्यवस्था का सम्मानित प्रतीक है। प्रधानमंत्री के खिलाफ हिंसा को सही ठहराने वाली भाषा बोलना बेहद गंभीर और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध कीजिए, लेकिन हिंसा की भाषा मत बोलिए। सत्ता की राजनीति में असहमति स्वीकार्य है, अराजकता और धमकी नहीं। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले जिम्मेदार व्यक्ति से ऐसी भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। भारद्वाज ने मांग की कि केजरीवाल अपने बयान पर तत्काल देश और प्रधानमंत्री से सार्वजनिक माफी मांगें। अन्यथा ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, जो देश में नफरत और हिंसा का माहौल बनाना चाहते हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद 386, आवेदन आए 6,929

**आगरा।** जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 386 आंगनबाड़ी कार्यकत्री पदों के सापेक्ष 6,929 आवेदन तथा 322 सहायिका पदों के सापेक्ष 1,718 आवेदन प्राप्त हुए हैं और चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने की कार्रवाई प्रचलित है। जिलाधिकारी ने चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं नियमानुसार रखते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपूरक पुष्टाहार की नवीन व्यवस्था के अनुसार टीएचआर यूनिटों के संचालन एवं पुष्टाहार आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने लाभार्थियों तक पुष्टाहार की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर ईसीई किट की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहरी क्षेत्र एवं संतृप्त ग्रामीण क्षेत्रों में किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर उपलब्ध सामग्री का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

# 13.90 लाख बच्चों को खिलाई कृमि मुक्ति दवा

बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुरू किया अभियान

टीएनएफ टुडे, आगरा।



जिले में सोमवार को बरौली अहीर स्थित सेन्ट एन्ड्रियूज पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली अहीर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पांडे ने स्कूल के छात्र अभिनव, जीशान खान और छात्रा जाह्नवी उपाध्याय को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सेन्ट एन्ड्रियूज पब्लिक स्कूल में 825 छात्रों ने दवा खाई ’

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक साल से 19 साल तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति दवा हर साल दो बार पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाती है। पेट में कीडे.होने के चलते बच्चे-किशोरों में खूनी की कमी हो जाती है। दरअसल, कीड़े पूरा पोषण खा जाते हैं और बच्चे कुपोषण के साथ ही एनीमिक भी हो जाते हैं। बच्चों और किशोर-किशोरियों में कृमि के कारण मानसिक और शारीरिक विकास बाधित होता है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि अभियान के दौरान निजी व सरकारी 5022 स्कूलों और 3004 आंगनबाड़ी केंद्रों में 13.90 लाख बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। जो बच्चे रह गए हैं उन्हें 14 अगस्त को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी।

डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत और स्कूल न जाने वाले बच्चों और घूमंतु व ईंट भट्?ठों पर काम करने वाले श्रमिकों को भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। छह से 19 साल तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर सेन्ट एन्ड्रियूज पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल शाहिबा खॉ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश यादव, बीईओ जगत सिंह राजपूत, चीफ फार्मासिस्ट संजय शर्मा, एविडेंस एक्शन इंडिया संस्था के जिला समन्वयक शाहिद खान व स्कूल के अध्यापकगण व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आस्था को फूहड़ता के नाम पर मत परोसिए

ताजनगरी आगरा की सनातन धरोहर और अटूट आस्था की प्रतीक ऐतिहासिक परिक्रमा का अपना एक गरिमामयी स्वरूप रहा है। श्रावण मास में महादेव शिव की भक्ति में लीन होकर चारों कोनों पर स्थित देवालयों की परिक्रमा करना केवल एक शारीरिक यात्रा नहीं बल्कि अंतरात्मा को पवित्र करने वाला महाव्रत है। श्रावण मास स्वयं संयम, सात्विकता और आत्मिक शुद्धि का मास है। इस पावन अवसर पर भगवान शंकर की परिक्रमा का मूल अर्थ अपनी सभी इंद्रियों को साधकर संपूर्ण अस्तित्व को शिव स्वरूप में समर्पित कर देना होता है। परिक्रमा मार्ग का प्रत्येक पदचिह्न साधक के भीतर भक्ति और विवेक का अलख जगाता है। दुर्भाग्य से इस वर्ष श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को आयोजित चारों मंदिर परिक्रमा में जो दृश्य सामने आए उन्होंने इस पावन परंपरा के मर्म को बुरी तरह आहत किया है। भक्ति के इस अनुष्ठान को कुछ उपद्रवी और दिशाहीन तत्वों ने हुड़दंग और प्रदर्शन का केंद्र बना दिया। परिक्रमा मार्ग में सेवाभाव से लगाए जाने वाले भंडारों की पवित्रता को धता बताते हुए भांग मिला शरबत पिलाया गया। इस अमर्यादित कृत्य का ही दुष्परिणाम था कि बाहर से परीक्षा देने आगरा आए पांच निर्दोष छात्र और अनेक श्रद्धालु बीमार पड़ गए। जिस मार्ग पर केवल शिव नाम का संकीर्तन होना चाहिए था वहां हुक्का जैसी व्यवस्थाएं और फिल्मी गीतों का शोर देखने को मिला जो आस्था की आड़ में फूहड़ता का नग्न प्रदर्शन है। धर्म और उत्सव के नाम पर संस्कृति की ऐसी दुर्दशा अत्यंत चिंताजनक है। सेवा और पुण्य कमाने की आड़ में नशा परोसना तथा परिक्रमा मार्ग को पिकनिक स्पॉट में तब्दील करना कदापि सह्य नहीं हो सकता। आयोजकों और प्रशासन को यह समझना होगा कि आस्था कोई शोर शराबा या अनियंत्रित भीड़ का प्रदर्शन नहीं बल्कि अंतर्मन का परम अनुशासन है। यदि समय रहते इस तरह की फूहड़ता और अमर्यादित प्रवृत्तियों पर कठोरता से अंकुश नहीं लगाया गया तो हमारी प्राचीन सांस्कृतिक परंपराएं अपना मूल स्वरूप खो देंगी। आस्था की पवित्रता को अक्षुण्ण रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

# नशे के विरुद्ध एक अभियान

विषम परिस्थितियों को देखते हुए यह वृहद अभियान प्रारंभ किया गया है। नशे से आतंकवाद को पनपने में बहुत मदद मिलाती है इसलिए, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के बाद 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया और एक साथ नशा मुक्त भारत की शपथ ली। नशामुक्ति का यह अभियान राजनीति से दूर रहकर चलना चाहिए तभी भारत के किशोर, युवा और परिवार तथा बहन-बेटियां सुरक्षित जीवन जी सकेंगी और वर्ष-2047 तक भारत विकसित भारत बनकर उभर सकेगा। देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना तथा दूसरा है, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री मोदी ने ह्लनशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियानह्ल का प्रारंभ करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं, बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं,योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक,सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्वकॉन से लेकर माताअमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक संगठन विश्व हिंदू परिषद पहले से ही व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है। युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी नशे की जड़ों पर प्रहार करने का युद्ध छेड़ रखा हैं। ड्रग्स माफियाओं पर कार्रवाई कई गुना बढ़ गई है। तस्करी करके बड़ी मात्रा में विदेशों से आने वाली ड्रग्स की जब्ती बंदरगाहों तथा एयरपोर्ट्स की जा रही है और उसे नष्ट किया जा रहा है। वर्ष 2021 में 2988 किलो हेराइन, 2022 में 927 किलो गांजा, 2023 में 122 किलो मेफेड्रोन, 2024 में 770 किलो मेथाफाटेमाइन और 2026 में फिर 522 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार 2020 से मई 2025 तक तक 116 बड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,09,318 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और उनको नष्ट किया गया है।

-अनाम

# युवा आक्रोश: समस्या नहीं, लोकतंत्र के पुनर्जागरण का संकेत

"हाल के वर्षों में रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े आंदोलनों ने युवाओं की चिंता को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। लंबे समय तक भर्ती न होना, परीक्षा परिणामों में देरी, पेपर लीक या चयन प्रक्रिया पर सवाल उठना युवाओं के भविष्य को सीधे प्रभावित करता है। एक विद्यार्थी कई वर्षों तक तैयारी करता है। यदि परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी हो जाए तो उसके समय, धन और मानसिक श्रम का नुकसान होता है। इसलिए भर्ती और परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, समयबद्ध और विश्वसनीय बनाना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

प्रोफेसर आर्य मित्र



लोकतंत्र में युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की महत्वपूर्ण शक्ति भी हैं। जब बड़ी संख्या में युवा किसी मुद्दे को लेकर आवाज उठाते हैं, तो उसके पीछे केवल किसी एक घटना का प्रभाव नहीं होता। बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा की बढ़ती लागत, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अवसरों की कमी और व्यवस्था के प्रति घटता विश्वास–ये सभी कारण मिलकर युवा असंतोष को जन्म देते हैं। इसलिए युवा आंदोलनों को समझने के लिए उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों को एक साथ देखना आवश्यक है।

आज सूचना और संचार तकनीक ने युवाओं को पहले की तुलना में कहीं अधिक ताकत दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से कोई मुद्दा कुछ ही घंटों में देश के अलग-अलग हिस्सों तक पहुँच सकता है। युवा अपनी समस्याएँ साझा कर सकते हैं, लोगों को जोड़ सकते हैं और सरकार तथा प्रशासन तक अपनी बात पहुँचा सकते हैं। यह लोकतंत्र के लिए सकारात्मक अवसर है। लेकिन केवल सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों का जुड?ा किसी आंदोलन की सफलता का प्रमाण नहीं हो सकता। आंदोलन की वास्तविक ताकत उसके उद्देश्य, संगठन, जनसमर्थन और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की क्षमता में होती है।

हाल के वर्षों में रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े आंदोलनों ने युवाओं की चिंता को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। लंबे समय तक भर्ती न होना, परीक्षा परिणामों में देरी, पेपर लीक या चयन प्रक्रिया पर सवाल उठना युवाओं के भविष्य को सीधे प्रभावित करता है। एक विद्यार्थी कई वर्षों तक तैयारी करता है। यदि परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी हो जाए तो उसके समय, धन और मानसिक श्रम का नुकसान होता है। इसलिए भर्ती और परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, समयबद्ध और विश्वसनीय बनाना सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

महंगाई भी युवा असंतोष का एक बड़ा कारण है। शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों की बढ़ती लागत के बीच स्थायी और सम्मानजनक रोजगार की चिंता स्वाभाविक है। आज का युवा केवल नौकरी नहीं चाहता, वह अपने कौशल के अनुरूप अवसर, उचित आय और सुरक्षित भविष्य चाहता है। इसके लिए सरकारी नौकरियों के साथ निजी क्षेत्र, उद्योग, कृषि आधारित रोजगार, स्वरोजगार और नए व्यवसायों को भी बढ़ावा देना जरूरी है।

युवा आंदोलनों में विभिन्न विचारधाराओं और छात्र संगठनों की भूमिका भी दिखाई देती है। यह लोकतंत्र की सामान्य प्रक्रिया है। अलग-अलग संगठन युवाओं को अपने विचारों से जोड? का प्रयास करते हैं। कोई संगठन राष्ट्रवादी विचारों पर जोर देता है, कोई सामाजिक न्याय की बात करता है और कोई आर्थिक समानता को प्रमुख मुद्दा मानता है। विचारों की यह विविधता लोकतंत्र को मजबूत कर सकती है, बशर्ते वैचारिक मतभेद व्यक्तिगत शत्रुता और हिंसा में न बदलें। यहाँ राजनीतिक दलों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और जनता की समस्याओं को सामने लाए। लेकिन युवाओं के वास्तविक आक्रोश को केवल राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना उचित नहीं है। दूसरी ओर, सरकार को हर आंदोलन को राजनीतिक षड्यंत्र मानकर खारिज करने से बचना चाहिए। यदि युवाओं की कोई शिकायत वास्तविक है, तो उसका समाधान संवाद और नीति सुधार के माध्यम से होना चाहिए।

किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता केवल सरकार के विरुद्ध नारे लगाने से तय नहीं होती। उसकी सफलता इस बात से तय होती है कि वह समस्या का कितना स्पष्ट समाधान प्रस्तुत करता है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, तथ्यपूर्ण चर्चा और संवैधानिक रास्ते लोकतांत्रिक आंदोलनों को मजबूत बनाते हैं। इसके विपरीत हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, अफवाह और भ्रामक सूचना किसी भी उचित मांग को कमजोर कर देती है।

आज डिजिटल माध्यमों के कारण गलत सूचना का खतरा भी बढ़ गया है। किसी पुराने वीडियो या अधूरी जानकारी को वर्तमान घटना से जोड़कर प्रस्तुत करना बहुत आसान है। युवा वर्ग को इसलिए केवल सक्रिय ही नहीं, जागरूक और विवेकशील भी होना होगा। किसी भी सूचना को आगे बढ़ाने से पहले उसके स्रोत और सत्यता की जाँच आवश्यक है।

भारत जैसे विशाल और विविध देश में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं में ऊर्जा, नई सोच और परिवर्तन की इच्छा है। यदि इस ऊर्जा को केवल विरोध में सीमित कर दिया जाए तो उसका लाभ सीमित रह जाएगा। यही ऊर्जा शिक्षा, शोध, कृषि, उद्योग, तकनीक, उद्यमिता, सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगाई जाए तो उसका प्रभाव कहीं अधिक व्यापक होगा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने लोकतांत्रिक परिवर्तन के लिए संवैधानिक मार्गों के महत्व पर बल दिया था। आज भी यह विचार उतना ही प्रासंगिक है। अधिकारों के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। सरकारों को युवाओं की बात सुननी चाहिए और युवाओं को भी लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा कानून का सम्मान करते हुए अपनी मांगें उठानी चाहिए।

अंततः युवा आक्रोश को केवल समस्या के रूप में देखना उचित नहीं है। यह समाज में मौजूद कमियों की ओर संकेत भी हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि आक्रोश को संवाद में, संवाद को नीति में और नीति को वास्तविक परिवर्तन में बदला जाए। सरकारें पारदर्शिता और रोजगार के अवसर बढ़ाएँ, राजनीतिक दल युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से लें और युवा संगठन जिम्मेदार तथा रचनात्मक भूमिका निभाएँ।

भारत की युवा शक्ति यदि लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मयार्दा, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रहित के साथ आगे बढ़ती है, तो आज का आक्रोश कल के सकारात्मक परिवर्तन की शक्ति बन सकता है। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान भी है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी संभावना भी।

# उपभोक्तावादी विनाश से आदिवासी आर्थिकी ही बचाएगी

रणेन्द्र

मेरा अध्ययन, पठन-पाठन-लेखन और जीवन का बहुलांश आदिवासी-जनजातीय समाज से जुड़ा है और मैंने पाया है कि गैर-जनजातीय समाज के साथ-साथ अकादमिक जगत के बड़े हिस्से का इस समाज के प्रति नजरिया पूर्वाग्रहों से भरा है। तमाम आदिवासी समुदायों को एकरूप मानते हुए उन्हें प्रिमिटिव या आदिम (और मन-ही-मन जंगली या असभ्य) मान लिया जाता है। जिक्र उठते ही उनकी आंखों के आगे अतीत में कभी बंदर खाने वाले 'बिरहोर' या अंडमान के जंगलों में नग्न विचरने वाले 'जारवा' लोगों की तस्वीरें कौंध उठती हैं, साथ ही थोड़ी सनसनी, थोड़ी गुदगुदी का भाव भी। एंथ्रोपोलॉजी की पुस्तकों में वर्णित सौ-डेढ़ सौ साल पुरानी तस्वीरें और पॉपुलर मीडिया उनके पूर्वाग्रहों को पुष्ट करते चलते हैं।

खेदजनक यह भी है कि अपने पूर्वाग्रहों के कारण या - सरकारी दस्तावेज ही इतिहास लेखन का एकमात्र स्रोत हैं - जैसे सिद्धांतों पर अमल करने के कारण आदिवासी समुदायों का ब्रिटिश-पूर्व इतिहास लिखा ही नहीं गया। मानो वे इतिहासविहीन समुदाय हों। ब्रिटिशकालीन



इतिहास लेखन में भी केवल 1767 से 1947 तक के आदिवासी 'उलगुलानों' की क्रांतियों पर बल देते हुए ऐसी अवधारणा बना दी गई कि मानो ये दिन-रात लड़ने-झगड़ने, रक्तपात करने वाले लोग हों।

एक और महत्वपूर्ण तथ्य जिस पर (देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय और उनके ग्रंथ 'लोकायत' को छोड़कर) अकादमिक जगत का ध्यान नहीं गया, वह यह है कि इस पूरे भू-भाग में ईसा-पूर्व काल से ही दो मॉडल थे: पहला,जनजातीय संघों का समतामूलक मॉडल और दूसरा, मगध के नेतृत्व में खड़े हुए साम्राज्य का ब्राह्मणवादी, जन्म आधारित भेदभाववादी मॉडल।

अजातशत्रु के षड्यंत्रों के कारण जनजातीय समतामूलक संघों के 'बज्जी महासंघ' की पराजय को हम प्रथम मॉडल के लिए बड़ा धक्के के तौर पर देख सकते हैं। उसके बाद कौटिल्य के अर्थशास्त्र के उद्धरणों में कौटिल्य मगध-साम्राज्य के विस्तार में सबसे बड़ी बाधा जनजातीय संघ को मानते हैं, जिन्हें विखंडित कर दस-दस की संख्या में सुदूर बसाने, कृषि कर्म करवाने तथा पुनः संगठित न होने देने का उनका संकल्प सामने आता है। गुप्तकाल में ब्राह्मणों को जनजातीय शासकों के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर किए गए 'ग्रामदानों' ने भी ब्राह्मणवादी सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना के अबाध प्रसार में महती भूमिका निभाई।

आश्चर्य यह है कि गुप्तकाल से आज तक संगठित धर्मों के सांस्कृतिक साम्राज्यवादी कुविचार यह मानकर चल रहे हैं कि आदिवासी समाज एक धर्म-विहीन समाज है और उसे अपने धर्म की परिधि में लाना उनका परम कर्तव्य है। यह पुण्य प्रतापी कार्य सात समुद्र पार की सांस्कृतिक साम्राज्यवादी ताकतों के साथ-साथ स्वदेशी साम्राज्यवादी भी समभाव से किये जा रहे हैं। जिस समुदाय के धार्मिक चिंतन-दर्शन में समस्त जीव-जगत गोत्र के रूप में और वनस्पति-नदियां-पहाड़ पूज्य देवता के रूप में सम्मिलित हो, जहां कृषि कार्य में सहयोगी पशुओं को घर के प्रिय सदस्य के रूप में आदर प्राप्त हो, उसे धर्मदर्शनविहीन मानना कथित मुख्यधारा की बौद्धिक शून्यता नहीं तो और क्या है?

प्रकृति पर विजय से प्रारंभ हुई औद्योगिक क्रांति की लहर आज कथित चौथी औद्योगिक क्रांति तक पहुंच गई है। हमारा क्रय और उपभोग ही अर्थव्यवस्थाओं के विकास-मंदी के ग्राफ निर्धारित कर रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य प्रकृति के सनक भरे दोहन और हमारी भोग की मूल प्रवृत्ति के उद्दीपन पर निर्भर कर दिया गया है, जो हमें तेजी से संपूर्ण प्रकृति-धरती के विनाश की ओर ले जा रही है। ऐसे संकटमय समय में कोई क्योंकि 'आदिवासी आर्थिकी' की चर्चा नहीं करना चाहता, जो-'प्रकृति से उतना भर लें, जितना हमारी आवश्यकता है'-जैसे सिद्धांतों पर आधारित हैं? जबकि सारी पूर्वी सभ्यताएं मूलतः इसी संतोष और संयम पर आधारित रही हैं।

कथित मुख्यधारा ने जनजातीय राजवंशों का राजपूतीकरण किया तो जनजातीय देवी-देवताओं का ब्राह्मणीकरण। देउड़ी ग्राम के मुण्डाओं की ग्राम-देवी रांची, तमाड़ की देउड़ी देवी को ब्राह्मणवादी संरचना में सम्मिलित करने का प्रयास सामने चल रहा है। पुरी के जगन्नाथ भगवान (मूलतः शबर आदिवासियों के देवता), कामरूप की कामाख्या (खासी समुदाय की देवी), तिरूपति आदि ब्राह्मण देव-श्रेणियों में शामिल किये गए। यानी शंकर, गणेश, कार्तिकेय, हनुमान से लेकर तिरूपति तक आदिवासी देवी-देवता हमारे हुए पर आदिवासी समुदाय नहीं।

कोशिश हो कि आदिवासी समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह-दुराग्रह और एकांगी अवधारणा-दृष्टि बदलें, टूटे। जनजातीय राजवंशों पर शोध हो; जनजातीय धर्म, दर्शन भी दर्शनशास्त्र के अनुशासन चिंतन-लेखन का हिस्सा बनें; वैकल्पिक आर्थिकी के तौर पर 'आदिवासी आर्थिकी' पर विमर्श शुरू हो, ताकि आत्ममुग्ध गैर-आदिवासी समाज के माथे से अनावश्यक श्रेष्ठता-बोध का वजन कुछ हल्का हो।

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

दिनांक 12 अगस्त 2026 बुधवार

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह तुला धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। बुधवार का दिन साक्षात बुद्धि के प्रदाता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन गणेश जी को दूर्वा दल अर्पित करना तथा गणपति अथर्वशीर्ष का वाचन करना जीवन में असीम बौद्धिक क्षमता आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। भगवान गणेश जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। गणेश चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। गणपति जी के सम्मुख घी का दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। रिद्धि सिद्धि के दाता को मोदक अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर केसर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। बेसहारा लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में हरी मूंग की दाल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। संकट नाशन गणेश स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। गणेश मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। विघ्नहर्ता गणेश जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। पक्षियों को अन्न खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

बुधवार के दिन घर के मुख्य हॉल में उत्तर या उत्तर पूर्व की दिशा में हरे भरे पौधों का कोई सुंदर गमला या धन को आकर्षित करने वाला यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात गणपति जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# अवैध कॉलोनाइजरों पर एमवीडीए का 'बुलडोजर एक्शन'

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को प्लॉट बेचने वालों पर मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने शिकंजा और कस दिया है। अब नोटिस जारी होने के बाद मामलों को लंबित रखने के बजाय विधिक सुनवाई की प्रक्रिया तेजी से पूरी कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा हैं। एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने अभियंताओं को साफ निर्देश दिए हैं कि अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विप्रा उपाध्यक्ष ने अवैध निर्माण के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान सचिव आशीष कुमार सिंह ने करीब 12-14 माह की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्राधिकरण इस इस अवधि में 63 अनाधिकृत कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच 24 अनाधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। ये कॉलोनियां 33.04 हेक्टेयर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही थीं और इनकी अनुमानित भूमि लागत करीब 164.20 करोड़ रुपये थी। इसके बाद वर्ष 2026 में सात माह में 39 अनाधिकृत कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई है। ये कॉलोनियां 41.99 हेक्टेयर में विकसित की जा रही थीं और इनकी अनुमानित भूमि लागत 209.95 करोड़ रुपये आंकी गई थी। इस तरह 2025 की तुलना में 2026 में अब तक 62.50 प्रतिशत अधिक ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई है।

### तिरंगा यात्रा में गूंजे 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे

# तिरंगा प्रत्येक देशवासी के मन में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जागृत करता है: पं. शोभाराम शर्मा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

आजादी महोत्सव के उपलक्ष्य में क्षेत्र में देशभक्ति का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। चौमुहां ब्लॉक के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल एवं भव्य तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में उमड़े जनसैलाब और युवाओं के जोश की जमकर सराहना की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित शोभाराम शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के हजारों लोग अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शामिल हुए। हाथों में



सम्मान से लहराता राष्ट्रध्वज तिरंगा और हवा में गूंजते 'भारत माता की जय' व 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारों ने पूरे माहौल को पूरी तरह से राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय ने कहा 15 अगस्त तक जिले का कोई भी घर तिरंगे से वंचित नहीं रहना चाहिए। यात्रा संयोजक पंडित शोभाराम शर्मा ने कहा "राष्ट्र की आन-बान-शान का प्रतीक हमारा तिरंगा प्रत्येक देशवासी के मन में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जागृत करता है। यह रैली क्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे भरनाखुर्द, पाली, भरनाकला, सहार, अलवाई, रनवारी, और सांखी से होते हुए छाता कस्बे में पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई।

इस अवसर पर पंडित राजाराम शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुदिता शर्मा , जिला महामंत्री प्रतिमा सिंह, मण्डल अध्यक्ष मुरारीलाल, बिहारी लाल उर्फ पूरन सिसौदिया सिंह, प्रधान अनिल पांडेय, पूर्व प्रधान पूरन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार, पंडित ओमप्रकाश शर्मा, पंडित जुगलकिशोर शर्मा, मोहित कुमार, महिपाल, पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह, यदुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## जिला अस्पताल में रक्त की कमी, किया रक्तदान

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** महर्षि दयानंद जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक में ब्लड की कमी के चलते श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति एवं मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल, मेडिकल ऑफिसर डा. गीता शर्मा, समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष डा. अंशुमान गोयल, पं. शशांक पाठक ने श्रीयमुना महारानी के चित्रपट पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विवेक सूतिया, सुमित वर्मा, कन्हैया रिलेक्सो, कुशाग्र अग्रवाल, आनंद शर्मा , प्रवीन मित्तल, क्षमा सिंह, पवन मित्तल, अनुज राजपूत, महादेव, गिरधारी लाल अग्रवाल, राकेश गौड़, बिहारीलाल गौड़ आदि उपस्थित रहे। व्यवस्था में ब्लड बैंक काउंसलर सुशीला शर्मा, नर्सिंग आफीसर अंजू शर्मा, लेव टेक्नीशियन पप्पू सिंह का योगदान रहा ।

## शिशु वाटिका के नन्हें भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा



**टीएनएफ टुडे, तरौली।** सावन के पावन अवसर पर सोमवार को सेठ चंदामल सरस्वती शिशु मन्दिर तरौली, मथुरा की शिशु वाटिका की ओर से भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों की भक्ति और उत्साह ने पूरे विद्यालय परिसर को शिवमय कर दिया। कावड़ यात्रा का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राधारमन सिंह एवं प्रधानाचार्या बबीता शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। घोष दल की मधुर धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए नन्हे कावड़िए बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष करते हुए पूरे जोश और भक्ति भाव के साथ शिव मंदिर की ओर प्रस्थान हुए। शिव मंदिर पहुंचकर सभी बालकों ने विधिपूर्वक जलाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया। इस अवसर पर आचार्य हरि सिंह वर्मा आचार्या आशा सिंह , शैली, वर्षा, सुमन , डौली, रुचि सिंह, रुचिका सहित सभी आचायाएं उपस्थित रहीं।शिशु वाटिका के इस आयोजन ने बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सनातन परंपराओं के प्रति प्रेम का भाव जागृत किया।

## सात छात्रों का कौशल विकास को चयन, हैदराबाद में प्रशिक्षण

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा के बी.एफ.एससी. तृतीय वर्ष के 7 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड हैदराबाद के बाह्य वित्तपोषित 5 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। चयनित सभी विद्यार्थी 10 अगस्त को हैदराबाद पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 अगस्त तक चलेगा। इसमें माइक्रोबियल कल्चर तकनीक, जलीय जीव स्वास्थ्य, रोग निदान तथा मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों की गुणवत्ता जांच से संबंधित आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों का नवीनतम ज्ञान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डा0अभिजीत मित्र ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सात छात्रों का कौशल विकास को चयन, हैदराबाद में प्रशिक्षण

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा के बी.एफ.एससी. तृतीय वर्ष के 7 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड हैदराबाद के बाह्य वित्तपोषित 5 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। चयनित सभी विद्यार्थी 10 अगस्त को हैदराबाद पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हो गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 अगस्त तक चलेगा। इसमें माइक्रोबियल कल्चर तकनीक, जलीय जीव स्वास्थ्य, रोग निदान तथा मत्स्य एवं मत्स्य उत्पादों की गुणवत्ता जांच से संबंधित आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों का नवीनतम ज्ञान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डा0अभिजीत मित्र ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### वृंदावन में नियमित भंडारे स्वच्छता की सबसे बड़ी चुनौती

# 12 किमी आस्था की यात्रा में हर रोज 15- 20 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वृंदावन में जिस परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालु राधा-कृष्ण की भक्ति में कदम बढ़ाते हैं, उसी मार्ग पर कूड़े के ढेर और गंदगी इस पावन भूमि की आध्यात्मिक पहचान के लिए बड़ी चुनौती बन रही है।

करीब 12 किलोमीटर लंबे वृंदावन परिक्रमा मार्ग से प्रतिदिन औसतन 12 से 15 मीट्रिक टन कूड़ा निकल रहा है। शनिवार-रविवार और विशेष पर्वों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ यह मात्रा 15 से 20 मीट्रिक टन तक पहुंच जाती है। अमावस्या और एकादशी जैसे अवसरों के साथ परिक्रमा मार्ग पर नियमित और विशेष आयोजनों में होने वाले भंडारे कूड़ा बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बन रहे हैं। मार्ग में करीब डेढ़ दर्जन स्थान ऐसे हैं, जहां नियमित रूप से भंडारे आयोजित होते हैं। इसके



अलावा पर्व और विशेष अवसरों पर जगह-जगह भंडारे लगते हैं। भोजन वितरण के बाद केले के छिलके, पत्तल-दोने, प्लास्टिक, थर्मल और अन्य कचरा परिक्रमा मार्ग पर बिखर जाता है। भंडारों के साथ-साथ खानपान की दुकानों और श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े जाने वाले खाद्य अवशेष भी समस्या को बढ़ाते हैं। विशेष रूप से केले के छिलके और जानवरों के लिए डाली जाने वाली चारा-चरी परिक्रमा मार्ग में बड़ी मात्रा में दिखाई देती है।

**तीन पालियों में बांटा सफाई कार्य**

वृंदावन में परिक्रमा मार्ग की स्वच्छता व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाले उज्ज्वल ब्रज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप दीक्षित ने बताया कि कूड़े की लगातार बढ़ती मात्रा को देखते हुए सफाई व्यवस्था को तीन पालियों में बांटा है। करीब

- **भंडारा आयोजक स्वच्छता की जिम्मेदारी भी निभाएं: नगर आयुक्त**

120 सफाईकर्मी, सात कूड़ा वाहन, चार ट्रैक्टर और एक लोडर सफाई व्यवस्था में लगाए गए हैं। सुबह छह बजे से शुरू होने वाली पहली पाली में सबसे अधिक कूड़ा एकत्र होता है। इस दौरान करीब आठ मीट्रिक टन तक कचरा निकलने की स्थिति रहती है। नियमित भंडारे वाले स्थानों पर सफाई कर्मचारियों की स्थायी तैनाती की गई है।

**इन स्थानों पर रहती है अधिक गंदगी**

परिक्रमा मार्ग में जगन्नाथ घाट, केसी घाट, ललिता बाग, रामनगर स्थित बैरागी बाबा आश्रम के निकट, गोरीगोपाल आश्रम, बलराम बाबा आश्रम के निकट, भजन कुटी, सुनरख मोड़, केलिकुंज, मदन टेर, कालीदह क्षेत्र, दाऊजी बगीची, बिहार घाट और हनुमान मंदिर के आसपास।

**आस्था के साथ स्वच्छता भी जरूरी**

जरूरत इस बात की है कि भंडारा आयोजक कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी भी निभाएं। प्लास्टिक और थर्मल का इस्तेमाल ना करें। भोजन वितरण के बाद स्थल की सफाई सुनिश्चित करें। श्रद्धालु भी खाद्य सामग्री, पत्तल-दोने और प्लास्टिक को सड़क या परिक्रमा मार्ग पर न फेंककर निर्धारित स्थान पर डालें।श्रीबाँकेबिहारी जी की नगरी में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु यदि यह संकल्प लेकर लौटे कि वह वृंदावन को गंदा नहीं करेगा, तो परिक्रमा मार्ग की तस्वीर बदल सकती है। आस्था की इस परिक्रमा को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ब्रज के प्रति श्रद्धा और सामाजिक दायित्व भी है।

## त्याग, तपस्या और सेवा की साकार प्रतिमूर्ति थे सुदामा दास,-बरसाना के प्रेम सरोवर पर हुआ 21 वां स्मृति समारोह



**टीएनएफ टुडे, बरसाना।** कस्बे के प्रेम सरोवर सुदामा कुटी के महंत रामरज दास महाराज ने कहा कि संत शिरोमणि सुदामा दास महाराज संत समाज के लिए त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने ईश्वर की भक्ति के साथ गौ व संत सेवा का एक नया अध्याय लिखा था। उन्होंने रविवार को प्रेम सरोवर स्थित सुदामा कुटी में आयोजित गो सेवी संत सुदामा दास महाराज के 21 वें पुण्य समृति समारोह में विचार व्यक्त किए। कहा संत सुदामा दास जी महाराज ने जीवन पर्यन्त गो माता एवं संत समाज के लिए संघर्ष किया है, संत समाज उनके संघर्ष और सेवा को भुलाए नहीं भूल सकता है। भक्तमाली संत गौतम बाबा ने कहा कि अनंत विभूषित संत शिरोमणि श्री सुदामा दास जी महाराज ने अयोध्या धाम में सरयू तट, काशी में गंगा तट, वृंदावन में यमुना तट एवं श्रीधाम बरसाना में प्रेम सरोवर के तट सहित यमुनोत्री, गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार के साथ देश में करीब पचास से अधिक आश्रमों पर गो सेवा एवं संत सेवा के लिए सुदामा कुटी की स्थापना की। इस अवसर पर भक्तमाल संत गौतम बाबा, महंत सर्वेश्वर दास, शंभुदास दास बाबा, दिलीप बाबा आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने घेरा विकास प्राधिकरण का कार्यालय

### सनसिटी अनंतम पर लगा जमीन हड़पने का आरोप

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट को लेकर विवाद फिर गरमा गया। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों ने लाल झंडों के साथ मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) कार्यालय पर प्रदर्शन कर जांच की मांग उठाई। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है।

प्रदर्शन के दौरान छटीकरा और जैत क्षेत्र के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल एमवीडीए कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। किसानों का नेतृत्व नरेंद्र सिंह, श्याम, दीवान सिंह और प्रेमबाबू ने किया। किसानों ने आरोप लगाया कि सनसिटी हाईटेक प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. और इसके हाउसिंग प्रोजेक्ट ह्यसनसिटी अनन्तमह्व के माध्यम से प्रशासनिक मिलीभगत के चलते नियम-कानूनों को दरकिनार कर किसानों की




जमीनें हड़पी गईं। उनका कहना है कि वर्ष 2005 में 10 लाख आबादी के मानक पूरे न होने के बावजूद कंपनी को चयन पत्र जारी कर दिया गया और मात्र 11 दिनों में सहायक कंपनी बनाकर जमीनों को सस्ते दामों में लेने का समझौता कर लिया गया।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 और 17 का इस्तेमाल कर अधिग्रहण का माहौल बनाया गया, लेकिन लंबे समय तक धारा 6 का प्रकाशन नहीं किया गया। बाद में वर्ष 2015 में योजना को कालबाधित बताकर रद्द कर दिया गया, जबकि इस बीच कंपनी ने सीधे किसानों से कम कीमत पर जमीन खरीद ली। किसानों ने यह भी कहा कि वर्ष 2007 में अपर जिलाधिकारी द्वारा कंपनी को स्टाम्प शुल्क में छूट के लिए अपात्र घोषित किए जाने के बावजूद एमवीडीए ने वर्ष 2012 तक प्रमाण पत्र जारी किए। इसके अलावा चकबंदी विभाग पर भी नियमों के उल्लंघन करते हुए कंपनी के नाम पर दाखिल-खारिज करने का आरोप लगाया गया।

## भारत की एआई क्षमता पर व्याख्यान

**आगरा।** भारत अपनी विशाल युवा शक्ति, तकनीकी प्रतिभा और नवाचार क्षमता के बल पर वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। भारत सरकार का इंडिया एआई मिशन देश की जमीनी आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी एआई इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। यह बात इंडिया एआई मिशन के निदेशक मोहम्मद वाई. सफिरुल्ला ने भारत सरकार के इंडिया एआई मिशन पर व्याख्यान देते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य केवल वैश्विक स्तर पर विकसित एआई तकनीकों का इस्तेमाल करना नहीं है। बल्कि भारत की अपनी आवश्यकताओं, भाषाई विविधता और जमीनी वास्तविकताओं के अनुरूप स्वदेशी एआई तकनीक विकसित करना है। इसी दिशा में इंडिया एआई मिशन के तहत 20 स्वदेशी एवं संप्रभु एआई मॉडल विकसित किए जा रहे हैं। इससे विदेशी एआई प्रणालियों पर निर्भरता कम करने और भारत की डिजिटल एवं तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# एसडीएम पूर्व सैनिकों की सस्याओं को हल करें: एडीएम न्यायिक



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

जिला सैनिक बंधु की बैठक सोमवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक वेद प्रिय आर्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित हुई। जिसमें जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर जगवीर द्वारा पिछली बैठकों में प्राप्त पूर्व सैनिकों की समस्याओं के प्रार्थना पत्रों पर अब तक हुई कार्रवाई से अवगत कराया। साथ ही नए प्रार्थना पत्रों को विचार हेतु अपर जिलाधिकारी न्यायिक के समक्ष रखा। एडीएम न्यायिक ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि उनकी जमीन व अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के लिए संबंधित तहसील के एसडीएम व तहसीलदारों से आदेशित कर दिया गया है कि वे पूर्व सैनिकों की समस्याओं को हल करने के लिए कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एसडीएम से फोन पर भी वार्ता की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वीर नारियों की समस्याओं को तुरंत हल करें। कोई भी वीर नारी अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के यहां चक्कर नहीं लगाएं। वरिष्ठ सैनिक बंधु एवं कोऑर्डिनेटर उत्तर प्रदेश खेमचंद शर्मा नगेश ने बताया कि बैठक में केवल पूर्व सैनिक, वीर नारी एवं अस्तित्व के व्यक्तिगत समस्याओं से दिनेश वासु, हरिओम तिवारी, कैप्टन हरिहर शर्मा, प्रेम सिंह रघुवीर सिंह, सूबेदार शुक्ला, वीर नारी रचना, त्रिवेणी सदाशिव ने अपने विचार रखें।

## श्रम मंत्रालय करेगा रिफाइनरी श्रमिकों के भेदभाव की जांच, पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के नेताओं की मेहनत रंग लाई

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** रिफाइनरी श्रमिकों एवं प्रबंधन में लम्बे समय से भेदभाव को लेकर तनाव चल रहा है। इसी को लेकर कई बार आंदोलन भी किये गए। इसके बाद भी समस्या का हल नहीं निकाला जा सका। इस बार यूनियन ने भारत सरकार के द्वार दस्तक देकर इसकी जांच के आदेश कराने में सफलता हांसिल की है। पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन की कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट के आवेदन पर केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए उप मुख्य श्रमायुक्त ( केंद्रीय ) कानपुर को जांच और कार्यवाही के आदेश दिए हैं। 17 जुलाई 2026 के अपने आदेश में श्रम मंत्रालय स्टेटिक और नॉन स्टेटिक श्रेणियों में श्रमिकों के असवैधानिक वर्गीकरण तथा इसी आधार पर नॉन स्टेटिक को ग्रेच्युटी और सेवा सुरक्षा से वंचित किए जाने व नौकरी से हटाने का भय दिखा कर उनसे अवैध वसूली किए जाने के संबंध में छानबीन करके कार्यवाही का आदेश दिए हैं। यह पत्र केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री के निजी सहायक की डायरी नंबर 1416/2026 दिनांक 25 .05 .2026 के आलोक में मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कार्यालय नई दिल्ली ने उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कानपुर को प्रेषित करते हुए अपेक्षा की है कि की गई कार्यवाही से यूनियन और मंत्रालय को भी अवगत कराए। यूनियन ने उक्त जांच पड़ताल के दौरान किसी भी श्रमिक को नौकरी से हटाए जाने पर रोक के लिए उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कानपुर से अपेक्षा की है, ताकि निष्पक्ष और प्रभावी जांच हो सके। इस संबंध में रिफाइनरी के पीआरओ विवेक शर्मा ने बताया कि इस संबंध में उन्हें कोई पत्र नहीं मिला है।

## संपूर्ण राष्ट्र की सेवा का संकल्प है अमित जैन का

हरी मोहन रावत



**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** ब्रज के उदीयमान सितारों में से एक अमित जैन सुविचारक व्यवसायी एवं उद्योगपति होने के साथ-साथ उत्कृष्ट श्रेणी के समाज सेवक भी हैं। मूल रूप से सरार्फा एवं होटल उद्योग से जुड़ाव रखने वाले समाजसेवी श्री जैन देश को समाज एवं परिवार से भी सर्वोपरि मानते हैं। वह टीएनएफ टुडे से विशेष मुलाकात में कहते भी हैं कि राष्ट्र सर्वोपरि है और होना भी चाहिए। यदि राष्ट्र सुरक्षित है तो धर्म, समाज एवं परिवार भी सुरक्षित रहेगा। इस लिए समाज, राजनीति एवं धर्म सबमें देश सर्वोपरि है। वर्तमान में प्लास्टिक उपयोग की समस्या से जूझ रहा मथुरा के लिए वह नान प्लास्टिक उपयोगी बैग्स की तैयारियों में जुटे हुए हैं। समाज में गौ सेवा प्रकल्प पर उनका पूरा समर्पण बातों से ही नजर आया।

उपलब्धियां-

- पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान की कार्य परिषद के शासन के मनोनीत सदस्य
- सक्रिय सदस्य-भारतीय जनता पार्टी
- सह मंत्री केशवधाम वृंदावन
- उपाध्यक्ष पंडित दीनदयाल गऊग्राम समिति, परखम
- ब्रज प्रांत संयोजक कंफीडिरेशन आफऑल इंडिया टेडर्स

# गोवर्धन में सस्ते प्लॉट का खेल? 'शिव वैली' का गेट ध्वस्त

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- **एमवीडीए की कार्रवाई से प्लॉट खरीदारों की बढ़ी चिंता**
- **कागजों में कृषि उपकरणों की मरम्मत, मौके पर बन रही कालोनी**

अगर आपने गोवर्धन में सस्ते प्लॉट के लालच में जमीन खरीदी है, तो यह खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने गोवर्धन-छाता रोड पर पाडाल गांव के पास विकसित की जा रही शिव वैली नामक कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कॉलोनी के गेट को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार के अनुसार, संबंधित प्रोजेक्ट के ऑनर की ओर से प्राधिकरण में एक फाइल प्रस्तुत की गई थी, जिसमें यहां कृषि उपकरणों की मरम्मत का कार्य किए जाने की बात बताई गई थी। लेकिन मौके पर निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की टीम को कथित रूप से स्थिति अलग मिली। अधिकारियों के मुताबिक, कृषि उपकरणों की मरम्मत के बजाय वहां कॉलोनी विकसित किए जाने की गतिविधियां सामने आईं।

इसके बाद प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और कॉलोनी के बाहर बनाए गए गेट को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया कि बिना स्वीकृति अवैध निर्माण अथवा कॉलोनी विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हालांकि कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल उन लोगों को लेकर खड़ा हो गया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां प्लॉट खरीदे हैं। यदि किसी व्यक्ति ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर यहां जमीन खरीदी है, तो अब उसके निवेश का क्या होगा? क्या खरीदारों को कॉलोनी की वैधता और प्राधिकरण की स्वीकृति से संबंधित दस्तावेज दिखाए गए थे? इन सवालों के जवाब सामने आना बाकी ।

गोवर्धन क्षेत्र में जमीन खरीदने से पहले लोग किन दस्तावेजों की जांच करते हैं और क्या उन्हें जमीन के वास्तविक भू-उपयोग, स्वीकृत लेआउट और प्राधिकरण की अनुमति की पूरी जानकारी दी जाती है।

शायद नहीं। फिलहाल शिव वैली पर हुई कार्रवाई के बाद गोवर्धन क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को लेकर फिर चर्चा तेज हो गई है। खरीदारों के लिए भी यह कार्रवाई एक चेतावनी है कि जमीन खरीदने से पहले केवल सड़क, गेट और कॉलोनी का प्रचार देखकर फैसला न लें, बल्कि संबंधित प्राधिकरण से जमीन और लेआउट की वैधता की पुष्टि जरूर करें।

## साइड ना देने पर कैंटर चालक को पीटा

**फतेहाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के थाना फतेहाबाद क्षेत्र में टोल प्लाजा 21 के पास वनवे सड़क होने के कारण कैंटर चालक के द्वारा साइड न दिए जाने के कारण कार सवारों ने चालक के साथ की मारपीट कर दी इस दौरान कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 21 के पास आगरा से लखनऊ जाने वाली साइड पर काम चलने के कारण लखनऊ से आगरा आने वाले साइड पर मार्ग डायवर्ट कर दिया है। कैंटर चालक जसवीर पुत्र वंश गोपाल यादव निवासी धर्मनार बेबर मैनपुरी के द्वारा मार्ग डायवर्ट होने के कारण कैन्टर को दूसरे रोड पर निकल रहा था। तभी पीछे से आ रहे कार चालक अशोक पुत्र बालकराम निवासी ग्राम जसरू थाना बिछवा मैनपुरी, उनके साथ शांतनु मित्तल पुत्र प्रशांत मित्तल निवासी ग्रीन व्यू अपार्टमेंट न्यू आगरा दूसरी कार चालक रिंकू दिवाकर पुत्र विनोद निवासी सौरई खंदौली आगरा, जयंत पुत्र वेदप्रकाश निवासी संजय प्लेस आगरा ने साइड मांगी तो वह नहीं दे पाया। इसी से गुस्सा होकर कार चालक आग बबूला हो गए। उन्होंने कैंटर को ओवरटेक कर रूकवा लिया तथा चालक को गाड़ी से निकालकर हॉकी, डंडों से बेरहमी से पीटा। इससे कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कैंटर चालक को अस्पताल भेजा गया। वहीं कार चालकों को पुलिस ने पकड़ पकड़ लिया।

# कांवड़ लेने गया युवक, पीछे घर में लाखों की चोरी

टीएनएफ टुडे, बरनाहल/ करहल।



थाना क्षेत्र के ग्राम नगला वन में चोरों ने एक मकान की पहली मंजिल का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये की नकदी और सोने के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य मकान के निचले हिस्से में सो रहे थे, जबकि मकान मालिक कांवड़ लेने गया हुआ था। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए।

गांव नगला वन निवासी अश्वनी कुमार पुत्र बृजकिशोर कांवड़ लेने के लिए बाहर गया हुआ था। घर पर उसके पिता बृजकिशोर और बहन अर्चना देवी मौजूद थीं। दोनों मकान के निचले हिस्से में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान की पहली मंजिल पर पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए।

अश्वनी कुमार के वापस लौटने पर पहली मंजिल का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर सामान की जांच की गई तो करीब एक लाख रुपये की नकदी के साथ दो सोने की चेन, चार सोने की चूड़ियां, पांच अंगूठियां, एक जोड़ी कुंडल, टॉक्स और एक सोने का हार गायब मिला।

चोरों ने वारदात के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चोरी कर लिया। इससे घटना की रिकॉर्डिंग पुलिस के हाथ नहीं लग सकी। आशंका है कि चोरों ने पहचान छिपाने के लिए डीवीआर अपने साथ ले गए। हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बरनाहल, निरीक्षक अपराध, चौकी इंचार्ज और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांगजन रोजगार मेले में 21 लाभार्थियों का चयन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, सेवायोजन विभाग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राजकीय आईटीआई मैनपुरी में दिव्यांगजन रोजगार अभियान के द्वितीय चरण के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 32 दिव्यांग प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

जिला समन्वयक ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए चयनित युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं का चयन नहीं हो सका, वे हतोत्साहित न हों। भविष्य में भी रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। निरंतर प्रयास करने से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

रोजगार मेले में स्थानीय एवं बाहरी तीन कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही जनपद में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने की जानकारी भी दी गई। अपराह्न चार बजे तक कुल 21 दिव्यांगजन लाभार्थियों का रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए चयन किया गया।

कार्यक्रम में सहायक सेवायोजन रविश मिश्रा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मैनपुरी के प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक नागेंद्र सिंह, जिला कौशल प्रबंधक फिरोज खान, डीडीयू-जीकेवाई के जिला प्रोग्राम मैनेजर गौरव कुमार यादव सहित सभी ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधक मौजूद रहे।



## करहल से फरुर्खाबाद के लिए रवाना हुई डाक कांवड़, चेयरमैन ने किया कांवड़ियों का स्वागत

करहल। सावन माह के अवसर पर करहल से डाक कांवड़ियों का जत्था फरुर्खाबाद के लिए रवाना हुआ। करहल के बिजली घर स्थित शिव मंदिर परिसर से कांवड़ियों ने भगवान शिव का जयघोष करते हुए अपनी यात्रा शुरू की। इस दौरान करहल चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने डाक कांवड़ियों का जोरदार स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। चेयरमैन के स्वागत से कांवड़िए भी उत्साहित नजर आए और उन्होंने चौधरी अब्दुल नईम का स्वागत किया। इस अवसर पर चेयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब हमारी साझा संस्कृति और आपसी भाईचारे की पहचान है। इसे बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। उन्होंने कांवड़ियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। डाक कांवड़ियों के रवाना होने के दौरान शिव मंदिर परिसर में माहौल भक्तिमय नजर आया। कांवड़ियों ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए अपनी यात्रा शुरू की। इस मौके पर जितेंद्र उर्फ मोनू, सभासद सोनू यादव, सुनील यादव वंशी, अरुण यादव, मनोज यादव, अर्पित यादव, अंकित यादव, मोहित, मुदित दुबे, सचिन यादव, शिवा, अरविंद, लुस्का, उदयवीर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मकान को चोरों ने बनाया निशाना, दो लाख के बिजली तार व एसी पाइप चोरी



करहल। कस्बे में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। देवी रोड पर पूर्व राज्यमंत्री की कोठी के पीछे स्थित एक निमार्णाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब दो लाख रुपये कीमत के बिजली के तार और एसी की पाइप चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर मकान मालिक ने थाना करहल में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इटावा निवासी आशीष दुबे ने थाना करहल में दी तहरीर में बताया कि देवी रोड पर पूर्व राज्यमंत्री की कोठी के पीछे गली में उनका मकान निमार्णाधीन है। मकान का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इन दिनों भवन में बिजली तथा एसी फिटिंग का कार्य चल रहा है। बताया गया कि बीती रात अज्ञात चोर निमार्णाधीन मकान में घुस गए। चोरों ने वहां रखे करीब दो लाख रुपये कीमत के बिजली के तार और एसी की पाइप पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब काम करने के लिए लोग मौके पर पहुंचे तो सामान गायब मिला। चोरी की जानकारी मिलते ही मकान मालिक को सूचना दी गई। इसके बाद आशीष दुबे ने थाना करहल पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और चोरी की घटना का खुलासा कर चोरी हुआ सामान बरामद कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

# नाबालिग से अश्लीलता का आरोप, विरोध करने पर पिता-पुत्र से मारपीट

टीएनएफ टुडे, करहल।



थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी से अश्लील हरकत और गलत काम का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। पीड़ित ने मामले में दर्ज एनसीआर को एफआईआर में बदलकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित युवक के अनुसार, गांव के ही एक युवक ने उसकी नाबालिग बहन के साथ अश्लील हरकत करते हुए गलत काम करने का प्रयास किया। बहन के विरोध करने पर उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। आरोप है कि जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने परिजनों के साथ उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए पिता व युवक पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर दिया।

हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित के मुताबिक सिर में कई टांके लगाए गए हैं। घटना के बाद मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात कही जा रही है।

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने मामले में केवल एनसीआर दर्ज की, जबकि घटना की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए था। इसको लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर एनसीआर को एफआईआर में परिवर्तित कराने तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोटामल मंदिर में सजा भक्ति का दरबार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

- ठेकेदार अनिल यादव व रवी यादव ने पहुँचकर कथावाचक माधव शास्त्री का किया स्वागत

टीएनएफ टुडे, करहल।



कस्बा करहल स्थित मोटामल मंदिर में इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। रविवार को कथा का श्रवण करने पहुंचे ठेकेदार एवं इटावा के वार्ड नंबर दो से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अनिल यादव तथा भरथना निवासी रवी यादव ने कथा व्यास माधव शास्त्री का पटका, पगड़ी एवं फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास माधव शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप सभी को आनंद और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने माता यशोदा के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोकुल में उनकी शरारतों तथा गोप-गोपियों के साथ उनके प्रेमपूर्ण संबंधों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही श्रद्धालुओं में उत्साह छा गया और पूरा मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया।

इस अवसर पर हनुमान भक्त संदीप यादव डुग्गू, विजयराम यादव, रोहित, दफेदार सिंह पाल, रीतू यादव, मोहित, विकास समेत तमाम श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करने और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में शामिल होने की अपील की।

## 'हर घर तिरंगा' अभियानः जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने तिरंगा फहराकर अभियान का शुभारंभ किया, नागरिकों से की जुड़ने की अपील

फिरोजाबाद। 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस राष्ट्रीय अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने का आह्वान किया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संदेश देते हुए कहा, "यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की आन-बान-शान, मान-सम्मान और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है।" उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं और राष्ट्रीय ध्वज के साथ अपनी 'तिरंगा सेल्फी' आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ाना है।

## विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थी



फिरोजाबाद। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन 12 अगस्त को दाऊदयाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में किया जाएगा। डीआईओएस ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को चयनित विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाली संगोष्ठी का संयोजन डीआईओएस श्रीमती मुदिता पाण्डेय और जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन करेंगे। संगोष्ठी सुबह नौ बजे से शुरू होगी। नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यभारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047ः संभावनाएं एवं चुनौतियांह्न रखा गया है। इसमें कक्षा आठ से 10 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतिभागियों को विषय पर अधिकतम छह मिनट का व्याख्यान देना होगा। इसके बाद निर्णायक मंडल द्वारा दो मिनट का प्रश्नोत्तर होगा। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा के साथ प्रतिभागी सम्भाषण के दौरान पीपीटी अथवा अधिकतम पांच सहायक चित्र, स्लाइड या चार्ट का प्रयोग कर सकेंगे। चार्ट या पोस्टर का अनुमन्य आकार 850 मिमी चौड़ाई और 600 मिमी ऊंचाई निर्धारित किया गया है। सभी चार्ट व पोस्टर चार्ट कैलेंडर की तरह क्रमबद्ध होने चाहिए। संगोष्ठी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंडल स्तरीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजुमा रियाज ने जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से चयनित विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराने की अपील की है।

# वायु सेना में प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे अरुण का स्वागत

टीएनएफ टुडे, करहल।



विकासखंड करहल क्षेत्र के गांव विनायकपुर निवासी देवेंद्र सिंह चौहान के पुत्र अरुण चौहान भारतीय वायु सेना में प्रशिक्षण प्राप्त कर शनिवार रात गांव लौटे। अरुण के गांव पहुंचने पर परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अरुण चौहान के वायु सेना में प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव लौटने की जानकारी मिलते ही उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। परिजनों ने अरुण को फूल-मालाएं पहनाकर खुशी जताई। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि गांव के युवा का भारतीय वायु सेना में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अरुण ने प्रशिक्षण के दौरान कठिन परिश्रम कर परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। परिजनों ने बताया कि अरुण की प्रशिक्षण अवधि एक जनवरी से आठ अगस्त तक निर्धारित थी। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद शनिवार रात वह अपने गांव पहुंचे, जहां उनका उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

ग्राम प्रधान राम हेत सिंह चौहान ने कहा कि अरुण चौहान का भारतीय वायु सेना में चयन होना गांव के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी अरुण से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर युवा किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने अरुण को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत के दौरान ग्रामीणों ने अरुण का उत्साह बढ़ाया और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। अरुण के वायु सेना में शामिल होने से गांव में खुशी का माहौल है। लोगों ने कहा कि अरुण ने अपनी मेहनत से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# डीएम ने तिरंगा फहराकर किया 'हर घर तिरंगा' अभियान का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



आजादी के पर्व को लेकर जिले में ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान की शुरूआत हो गई है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने तिरंगा फहराकर अभियान में सहभागिता की और जिलेवासियों से घर, कार्यालय एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्न केवल प्रशासनिक अभियान नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान, सम्मान और गौरव से जुड़ा अभियान है। तिरंगा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने जनपद के नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराएं। साथ ही तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड करें और सोशल मीडिया पर भी साझा करें। इसके लिए #ल्ट१ऱ्रॅ१ळ१ल्लॅ हैशटैग का प्रयोग करने की अपील की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना बढ़ाना है।

उन्होंने फिरोजाबाद के सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़कर इसे सफल बनाने की अपील की।

## माटीकला से रोजगार को बढ़ावा देने पर जोर, 20 कारीगरों को मिले प्रमाण पत्र

फिरोजाबाद। माटीकला से जुड़े कारीगरों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को माटीकला बोर्ड स्थापना पखवाड़े के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कारीगरों को माटीकला को आधुनिक रूप देकर रोजगार बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत माटीकला बोर्ड की ओर से 10 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय का स्टाफ और सहकारी समिति के सदस्य मौजूद रहे। राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कुंभकार, कुम्हार और प्रजापति समाज के लोगों से मिट्टी के काम को आगे बढ़ाने और इसे रोजगार का मजबूत माध्यम बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कारीगर अपने उत्पादों की बिक्री केवल जिले तक सीमित न रखें, बल्कि दूसरे जिलों में भी प्रचार-प्रसार कर बाजार बढ़ाएं।

# कलेक्ट्रेट परिसर में 'अन्नदा प्रेरणा कैंटीन' का शुभारंभ, मात्र 10 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



कलेक्ट्रेट परिसर में दूर-दराज से आने वाले आम नागरिकों और फरियादियों को राहत देने के उद्देश्य से ह्यअन्नदा प्रेरणा कैंटीनह्न की शुरूआत की गई है। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु और अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द ने जन-सहयोग से शुरू हुई इस संवेदनशील पहल का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस कैंटीन के माध्यम से कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को मात्र 10 रुपये में स्वच्छ, सात्विक और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन बनाने और संचालन का जिम्मा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं (दीदियों) को सौंपा गया है।

कार्य-दिवसों में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक संचालित होने वाली इस कैंटीन के मेन्यू में दिन के अनुसार कढ़ी-चावल, छोले-चावल और राजमा-चावल शामिल रहेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में औरैया में भी उनके कार्यकाल के दौरान ऐसी पांच कैंटीन सफलतापूर्वक चलाई गई थीं और अब मैनपुरी की सभी तहसीलों में भी इस व्यवस्था का विस्तार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महंगाई के दौर में मात्र 10 रुपये में सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराना प्रशासनिक संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण है। उद्घाटन के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, एनआरएलएम की समूह की महिलाओं, अधिवक्ताओं और पत्रकारों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# युवा उद्यमी योजना में लापरवाही पर डीएम सख्त, बैंकों को 72 घंटे का अल्टीमेटम

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बैंकों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले बैंकों को तीन दिन यानी 72 घंटे में प्रगति सुधारने का अल्टीमेटम दिया। डीएम ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित बैंक प्रबंधकों के खिलाफ कठोर प्रशासनिक और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित योजना की समीक्षा बैठक में जिले के सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैंकवार प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने असंतोषजनक प्रदर्शन पर नाराजगी जताई।

एसबीआई की खराब प्रगति पर जताई नाराजगी

जिलाधिकारी ने लीड बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारियों को विशेष रूप से आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लीड बैंक होने के नाते एसबीआई को योजना में आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन उसकी अपनी प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। उन्होंने लंबित आवेदनों का तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि कई मामलों में बिना ठोस या उचित कानूनी कारण के युवाओं के ऋण आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य के प्रति असंवेदनशील रवैया बताते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

1,279 आवेदन बैंकों को भेजे, 644 हुए निरस्त

समीक्षा में सामने आया कि जनपद का वार्षिक लक्ष्य 1,900 है, जबकि जुलाई 2026 तक लक्ष्य 775 निर्धारित था। बैंकों को कुल 1,279 आवेदन भेजे गए, जिनमें 357 स्वीकृत, 387 वितरित और 644 आवेदन निरस्त किए गए।

# तीर्थ नगरी सोरों में पंचकोशी परिक्रमा के दौरान मंदिर के पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

## सावन मास:तीर्थ नगरी में दिख रहा कुंभ जैसा दृश्य

- कबाड़ में गंगा जल लेने को तादात में पहुंच रहे शिव भक्त
- तीर्थ नगरी में सुबह से ही लग रहा जाम, लहरा घाट पर कबाड़ियों का जमघट

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



तीर्थ नगरी में इन दिनों कुंभ जैसा दृश्य नजर आ रहा है, सुबह से ही जाम के हालात बन रहे हे, लहरा घाट पर कावड के जल लेने वाले शिव भक्तों का मेला लग रहा है, पुलिस और प्रशासन व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए रात दिन एक कर रहा है डीएम एसपी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए हैं।

बम बम भोले के स्वर से गुंजायमान होती तीर्थ नगरी शिवभक्तों के सैलाव से अटी पढ़ी है प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा राजिस्थान, मध्यप्रदेश से भी शिव भक्त कावड़ियों के समूह कबाड़ में गंगा जल लेने पहुंच रहे हैं। डीजे पर बजते धार्मिक गीत और भजनों की धुन बातावरण को भक्तिमय बनाए हुए है, शिव भक्तों के पहुंचने का आलम यह हे कि तीर्थ नगरी में मेले जैसा दृश्य नजर आ रहा है। वहीं लहरा गंगा घाट पर व्यवस्थाओं का जमावड़ा लग रहा है। कबाड़ लेकर शहर के मुख्य बाजार से निकलते कावड़िए बाजारों की रौनक भी हुए हैं। कलश कावड लेकर निकल रहे कावड़िए लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

सुरक्षा को जगह जगह दिखाई दे रही पुलिस, मोबाइल टीम सक्रिय शिव भक्त कावड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के दृष्टि गत लहरा से जिले की सीमा एटा, सिकंदराऊ, पटियाली क्षेत्र में फरुर्खाबाद की सीमाओं तक पुलिस पिकेट लगाई गई है, पुलिस की मोबाइल गाड़ियां भी गस्त करती दिख रही है। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए यातायात पुलिस की मस्कत करनी पड़ रही है।

### सेवा को आगे आये समाज सेवी

शिव भक्त कावड़ियों की सेवी के लिए समाजसेवी एवं सामाजिक संस्थाएं आगे आयी है। लहरा से कासगंज तक दर्जनों स्थानों पर कबाड़ियों की सेवार्थ पानी की प्याऊ, चाय के स्टाल, लगाए गए हैं, समाज सेवियों द्वारा भंडारे भी लगाए गए हैं जिन पर श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे है।।

### दुकानदारों की पौ बारह

तीर्थ नगरी से लेकर लहरा गंगा घाट तक कावड, कलश, गंगा जली, कावड सजाने की सामग्री की सैकड़ों अस्थाई दुखने सजीं हैं। जिन पर कावड़िए खरीददारी कर रहे हैं वही खान पान सामिग्री की दुकान पर भी भीड़ गल रही है। संभावना से अधिक कबाड़ियों के पहुंचने से सामिग्री की कीमतें भी बढ़ गई है। खाने पीने की सामग्री की भी जमकर बिक्री हो रही है दुकानदारों की माने तो इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना ने तीस से चालीस फीसद अधिक दुकानदारी है, इस बार कलश की बिक्री ने तो बीते वर्षों का रिकार्ड तोड़ा है।

# घटते-घटते सोमवार को फिर बढ़ा गंगा का जल स्तर

- मामूली बढ़ोत्तरी के बाद भी थम थी नजर आ रही है पतित पावनी की रौद्रता
- बैराजों से डिस्चार्ज हुए पानी से रौद्र रुप ले चुकी थी गंगा नदी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



जिले की सीमा से सटे जनपद बदायूं में बह रही गंगा नदी के जल स्तर में बीते दो दिनों में गिरा हुई यह गिरावट भले ही नाकाफी है फिर भी गंगा के रौद्रता थमने का संकेत दे रही है। सोमवार को जल स्तर में मामूली वृद्धि हुई, जिसका कोई प्रभाव नहीं दिख रहा। फिलहाल बाढ़ की संभावना टलती नजर आ रही है जो बड़ी राहत भरी बात है। किसानों, ग्रामीणों एवं प्रशासन के लिए भी राहत के संकेत हैं।

गंगा ने जब भी रौद्र रुप लिया तब तब कोप का भाजन जिले के तीन दर्जन से अधिक गांव होते रहे हैं। इन दिनो भी पहाड़ों पर हो रहीअति वर्षा बैराजों से गगा मे किए जा रहे पानी के डिस्चार्ज से गंगा रौद्र रुप ले चुकी थी। तट वर्तीय ग्रामों, सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन के लिए चिंता सता रही थी अब बीते दो दिनों में जल स्तर घटा था लेकिन सोमवार को फिर मामूली वृद्धि हुई है।

कछला गंगा नदी इन दिनों उफान पर है गंगा का जल स्तर वार्निंग लेबल को पार कर खतरे के निशान को छूता दिखाई दे रहा है। दो दिन जल स्तर में कुछ गिरावट हुई लेकिन इससे चिंता कम हुईहै लेकिन किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल बीते दो दिनों ने गंगा के जल स्तर में न्यूनतम कमी भले ही आ गई हो लेकिन पूरी तरह राहत नहीं मानी जा सकती, यदि आने वाले दोनों में बैराजों से गंगा नदी में पानी का डिस्चार्ज बढ़ा, तो गंगा में फिर जल स्तर बढ़ सकता है। किसान खेतों में भरे पानी के निकले के इंतजार में है।

बीते दो दिनों में गंगा नदी के जल स्तर में गिरावट आई हहै फिर भी चौकन्ने रहने की जरूरत है अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, संवेदनशील,अतिसंवेदनशील बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण कर गंगा के जल स्तर की निगरानी करते रहे।

-जितेंद्र कुमार अग्रवाल अधीक्षण अभियंता सिंचाई

बाढ़ चौकियों पर तैनात सभी कर्मचारी अलर्ट रहे, लेखपाल भी ग्रामों में निरंतर रखकर नजर बनाए रखे रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष को दे। कही कोई समस्या हो तो तत्काल जानकारी दे जिससे समय रहते उचित कदम उठाया जा सके।

- प्रणय सिंह, डीएम कासगंज

# यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर फीस अप्रत्यक्ष ग्राहकों पर भार

- व्यापारियों ने दी प्रतिक्रिया, सरकार के निर्णय की बताया गलत
- व्यापारी एवं ग्राहकों को कहीं से भी नहीं मिल पा रही राहत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर फीस लगाए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर शहर के व्यापारियों ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, इसे व्यापारी और ग्राहकों के हितों पर कुठाराघात बताया है साथ ही सरकार से निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की है।



सरकार का यह निर्णय व्यापारी और ग्राहकों के हितों पर कुठाराघात है, सरकार को अपना यह निर्णय वापस लेना चाहिए जिससे व्यापारियों के मध्य सरकार की छवि व्यापारी हितैषी बनकर उभरे ।

सतीश गुप्ता, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल



यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर फीस से सिर्फ व्यापारी ही प्रभावित होगा सरकार का यह कहना पूरी तरह मिथ्या है इसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहक पर ही पड़ेगा। सरकार का यह निर्णय गलत है वापस होना चाहिए।

अश्वनी चतुर्वेदी व्यापारी नेता



सरकार के इस निर्णय से यूपीआई ट्रांजेक्शन में गिरावट आएगी सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान पर ग्रहण लगाया, सरकार का यह निर्णय व्यापारियों के हित में नहीं है सरकार को इस निर्णय पर पुन: विचार करना चाहिए।

डॉ मुहम्मद फारुख, व्यापारी नेता।



यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर फीस से व्यापारी नहीं बल्कि सीधे ग्राहक ही प्रभावित होगा व्यापारी किसी भी रुप के इसकी भरपाई ग्राहक से ही करेगा, यह तय है यदि यह फेसला वापस नही लिया गया तो यूपीआई ट्रांजेक्शन में गिरावट आएगी। सरकार इसे लागू करने से पहले विचार करे।

कबीर प्रताप चौहान, व्यापारी

## बंटवारे को लेकर हुए, दो महिलाओं में मारपीट

अलीगढ़। थाना दादों क्षेत्र के किरतौली गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं से मारपीट का मामला सामने आया है। कलावती देवी पत्नी मदनलाल ने परिवार के ही चार सदस्यों पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कलावती देवी के अनुसार, परिवार के लक्ष्मी सिंह पुत्र धर्मी सिंह आए दिन जमीन के बंटवारे को लेकर झगड़ा करते रहते हैं। घटना के समय कलावती देवी और उनके पति गांव के प्रधान के घर गए हुए थे। घर पर उनकी बेटी दानवती और पुत्रवधू गुड़िया देवी पत्नी सत्यपाल सिंह मौजूद थीं। आरोप है कि इसी दौरान लक्ष्मी सिंह, उनके बेटे सुरेंद्र और चंद्रकेश, तथा उनकी पत्नी अनीता देवी लाठी-डंडे लेकर कलावती देवी के घर पहुंचे।

आरोपियों ने आते ही दानवती और गुड़िया देवी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब दोनों महिलाओं ने इसका विरोध किया, तो कथित तौर पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

# आंगन में सोता रहा परिवार, पीछे से घर की दीवार काटते रहे चोर, 3 लाख कैश-लाखों के जेवर लेकर फरार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- खेत में बने मकान में दुस्साहसिक चोरी, सुबह नकब देखकर मचा हड़कंप
- पुलिस ने डॉग स्क्वायड से कराई छानबीन, फोरेंसिक टीम ने खंगाला घटनास्थल

अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जानीपुर में चोरों ने ऐसी दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया कि मकान के बाहर आंगन में सो रहा परिवार बेखबर रहा और चोर पीछे की दीवार काटकर घर के अंदर घुस गए। बदमाश करीब 3 लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के लाखों रुपए के जेवर समेटकर फरार हो गए। सुबह दीवार में नकब देखकर परिवार के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

पीड़ित जय सिंह राजपूत (42) पुत्र तोताराम निवासी जानीपुर ने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे उनकी नींद खुली। मकान के अंदर से ताला लगा हुआ था। पीछे जाकर देखा तो दीवार कटी हुई थी और उसमें बड़ा नकब लगा था। घर के सामान की जांच की गई तो नकदी और जेवर गायब मिले।

### फसल बेचकर जुटाए थे तीन लाख, चोर ले गए

पीड़ित के अनुसार घर में रखे करीब 3 लाख रुपए नकद चोर ले गए। यह रकम मक्का, मूंगफली और आलू की बिक्री से जुटाई गई थी। इसके अलावा चोर सोने की लर, पायल, कंधनी और चार जोड़ी तोड़िए समेत अन्य जेवर भी चोरी कर ले गए।

### बक्सा-कपड़े खेत में फेंके, पीछे से काटी दीवार

मकान खेत में बना हुआ है। चोरों ने सुनसान जगह का फायदा उठाते हुए पीछे की दीवार काटी और अंदर दाखिल हुए। सामान खंगालने के बाद नकदी और जेवर लेकर भाग निकले। चोरों ने बक्सा और कपड़े भी घर से निकालकर खेत में फेंक दिए। वारदात के बाद गांव में सनसनी फैल गई।

### आंगन में सोता रहा परिवार, चोर करते रहे 'नकब'

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि परिवार मकान के बाहर आंगन में सो रहा था और चोर पीछे की दीवार काटकर अंदर चोरी करते रहे। बदमाशों ने इतनी सफाई से वारदात को अंजाम दिया कि परिवार को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह दीवार में नकब देखकर ही चोरी का खुलासा हुआ।

### साढ़े चार बजे पुलिस को दी सूचना

पीड़ित ने बताया कि चोरी की जानकारी होने के बाद करीब साढ़े चार बजे पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने भी मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए।

### तहरीर मिलते ही कार्रवाई का दावा

थाना अध्यक्ष अलीगंज रुपेश वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

अभी मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो कांबड़ियों की मौत

- एक कांवड़िया गंभीर रुप से घायल, जिला अस्पताल से रैफर
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज, परिवार में मचा कोहराम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



आगरा से कावड में गंगाजल लेने जा रहे शिव भक्त कावड़ियों की वाईक कासगंज कोतवाली क्षेत्र में कार से टकरा गई जिससे वाईक सवार दो कबाड़ियों की मौत हो गई तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना सोमवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे की है आगरा के कई गांव के लगभग तीन दर्जन कावड़िए बाइकों से कावड लेने लहरा घाट जा रहे थे। एक बाइक जिसे गोविंद निवासी गांव वन्नावली चला रहा था। बाइक पर राहुल और विवेक भी बैठे हुए थे। जब बाइक सवार सदर कोतवाली क्षेत्र में काली नदी के समीप पहुंचे तभी बाइक एक कार से टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद हरगोविन्द और राहुल को मृत घोषित कर दिया जबकि विवेक की हालत गंभीर बताते हुए उसे गहन चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रैफर किया है। घटना से साथी कबाड़ियों ने शोक की लहर दौड़ गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र का कहना ही कि सड़क हादसा हुआ है। दो कावड़ियों की मौत हुई है। एक घायल हुआ है घायल को रैफर किया गया है।

## बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर कल सादाबाद में

# आकाश आनंद सादाबाद विधानसभा सीट से कर सकते है प्रत्याशी की घोषणा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, सादाबाद।

- सादाबाद के कार्यकर्ता सम्मेलन से बसपा सूबे में कर रही चुनावी तैयारियों का आगाज

बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद सोमवार को सादाबाद कस्बे में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कृपा रोड स्थित उत्सव गार्डन में दोपहर 11 बजे से होने वाले सम्मेलन को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस, प्रशासन ने भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बसपा इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश में अपने चुनावी अभियान का आगाज करने की तैयारी में है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं के जुटने की संभावना है। पार्टी कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यकताओं से संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही है। बसपा की ओर से सम्मेलन में करीब 20 हजार कार्यकताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार सुबह बसपा के पूर्व सांसद मुनकाद अली हाथरस पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उनके साथ बसपा जिलाध्यक्ष राज कपूर, सादाबाद विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ. अविन शर्मा समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर पार्टी के भीतर सबसे ज्यादा चर्चा सादाबाद विधानसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा को लेकर है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आकाश आनंद सम्मेलन के दौरान सादाबाद सीट से बसपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, अभी पार्टी की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।पिछले विधानसभा चुनाव में सादाबाद सीट पर बसपा तीसरे स्थान पर रही थी। ऐसे में आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने और कार्यकताओं को सक्रिय करने पर जोर दे रही है। सम्मेलन के जरिए पार्टी अपनी चुनावी तैयारियों को गति देने के साथ जमीनी स्तर पर संगठन की स्थिति का भी संदेश देने की तैयारी में है। आकाश आनंद इससे पहले अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी हाथरस आ चुके हैं। अब एक बार फिर उनके सादाबाद दौरे को लेकर बसपा कार्यकताओं में उत्साह है।

क्षेत्र के गांव थरौरा में विवाहिता की हत्या कर साक्ष्य मिटाने का मामला।

सादाबाद। सहपऊ कोतवाली पुलिस ने थरौरा गांव में विवाहिता की हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मृतका की सास वीना देवी और चचेरा देवर आकाश शामिल हैं।

यह मामला 31 जुलाई का है, जब थरौरा गांव में निर्मला देवी पत्नी अमित कुमार उर्फ जैकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को डीजल डालकर जलाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और चिता बुझाकर शव को बाहर निकाला। मृतका के पिता सुरेश चंद्र, जो जायमई, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद के निवासी हैं, ने 1 अगस्त को सहपऊ कोतवाली में नौ



## बंद पड़े ईंट भट्टे से पुलिस ने बरामद किए चोरी की दस बाइक, मौके से तीन वाहन चोरों को किया गया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, कासगंज। गंजडुंडवारा थाना पुलिस ने कादर गंज रोड पर बंद पड़े ईंट भट्टे से चोरी के दस वाहन बरामद किए है। मौके से तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना गंजडुंडवारा के इंस्पेक्टर राधेश्याम पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी पुलिस को कादर गंज रोड स्थित बंद पड़े ईंट भट्टे के समीप संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस को देखकर तीनों युवक सक पका गए संदिग्धता के आधार पर पुलिस ने युवकों को हिरासत मे लिया और पूछताछ की, युवकों की निशानदेही पर भट्टे से चोरी की दस बाइक बरामद हुई। युवकों को थाने लाया गया। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि पिंटू नगला छेदा, कासिम मोहल्ला मंसूर, एवं शौकीन नगला प्रीतम को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपितों ने वाहनों को चोरी करना बताया है। आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

## यूजीसी कानून और आरक्षण की समीक्षा के लिए सवर्ण हो रहे एकजुट

अलीगढ़। विभिन्न सवर्ण संगठन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ के आवाहन पर गांधी पार्क में गांधी जी की मूर्ति के नीचे एकत्रित हुए और यूजीसी के काले कानून को वापस लेने एवं आरक्षण की समीक्षा को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई। सनातन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यूजीसी कानून हमारे बच्चों को पढ़ाई से रोकने का हथियार है इस दमनकारी कानून के लिए हम सभी को एकजुट होकर सड़क पर उतरना होगा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा की आरक्षण संविधान में 10 वर्षों के लिए बनाया गया था लेकिन 75 वर्षों में आज तक एक बार समीक्षा तक नहीं हुई किस समाज के लोग सबसे ज्यादा इसका फायदा ले रहे हैं किसी को बिल्कुल भी लाभ नहीं मिल पा रहा लेकिन श्रवण समाज के युवा इस आरक्षण के कारण आत्महत्या कर रहे हैं जिसके लिए सभी सरकार हैं दोषी हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि हमें सबसे पहले अपने सांसदों को प्रधानमंत्री जी के ज्ञापन देकर अपने बच्चों के भविष्य के विषय में चिन्ता बतानी होगी क्योंकि वो सवर्ण समाज के वोट से सांसद बने हैं। किसान मजदूर संगठन अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष बंटी जादौन ने कहा कि यूजीसी कानून वापस कराने के लिए युवाओ को साथ लेकर दिल्ली और जयपुर की तरह आंदोलन करना होगा उसके बाद दिल्ली में डेरा डालना होगा। करनी सेना के लोकेश जादौन ने कहा कि एक नीला कबूतर सवर्ण समाज को सोशल मीडिया पर अपमानित करता है और देश भगाने की धमकी देता है और अलीगढ़ पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो श्रवण समाज सड़क पर आंदोलन के लिए मजबूर होगा। राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी के युवाअध्यक्ष रूद्रा पण्डित ने कहा अगली बैठक शुक्रवार 7 अगस्त को शाम 5 बजे रामलीला मैदान में होगी जिसमें अन्य सवर्ण संगठनों के मुख्य पदाधिकारियों को भी बैठक में आमंत्रित किया जाएगा और 18 अगस्त को होने वाले आंदोलन की रूपरेखा को अन्तिम रूप दिया जाएगा। बैठक अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ के मण्डल अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कौशल सिंह, राजपूत करणी सेना के प्रदेश सचिव करण जादौन, किसान मजदूर संगठन से अमित सारस्वत रोहित सिंह, सुमित जादौन मनोज उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## सब्जी मंडी जाने के लिए घर से निकली थी युवती, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

सादाबाद। थाना क्षेत्र से एक 20 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी 5 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे घर से सब्जी मंडी जाने के लिए निकली थी। आरोप है कि रास्ते से ही सब्जी मंडी में पहले वाहन चालक रहे गौरव ने कुछ अन्य लोगों की मदद से युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता ने अपनी तहरीर में मंडी में तैनात गार्ड पर भी युवती को भगाने में सहयोग करने का आरोप लगाया है।

# हर घर तिरंगा अभियान : घर-घर फहराया जाएगा तिरंगा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- जागरूकता के लिए किए गया कार्यक्रम
- जिले भर में जागरूकता के लिए निकलेगी तिरंगा यात्रा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद में ह्रहर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए गए विद्यालयों में प्रतियोगिताएं कराई गई अभियान के तहत नागरिकों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम, देशभक्ति कार्यक्रम एवं जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई।माध्यमिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ घर-घर तिरंगा हर विद्यालय की थीम पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय की फुल, पत्तियों एवं रंगों के माध्यम से तिरंगा सजाया गया। साथ ही तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि ह्रहर घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना व्यक्त करें।

# कामिनी एकादशी पर सैकड़ों ने लगाई पंचकोसीय परिक्रमा



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- वराह भगवान और गंगा मैया की जय जय कार से गूंजा परिक्रमा मार्ग
- श्रद्धालुओं ने मंदिरों जाकर किए देव दर्शन टेका मत्था

कामिनी एकादशी पर रविवार की आदिवासी तीर्थ सोरों में आस्था की उमंग दिखाई दी दुरस्त इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंचकोशी परिक्रमा लगाई मंदिरों के पहुंचकर पूजा अर्चना की देव दर्शन किए। मत्था टेका। गंगा मैया और भगवान वराह की जय जय कार से परिक्रमा मार्ग गुंजायमान हुआ।

रविवार को कामिनी एकादशी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का हरिपदी के तट पर स्थित भगवान वराह के मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया का पूजन और भगवान वराह की पूजा अर्चना के बाद परिक्रमा शुरू की, परिक्रमा लगा रहे श्रद्धालु गंगा मैया की जय जय कार कर रहे थे। श्रद्धालुओं का जगह जगह स्वागत किया गया। परिक्रमा मार्ग पर मीठे पानी की प्याऊ भी लगाई गई थी। परिक्रमा मार्ग पे स्थित मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। परिक्रमा संयोजक शरद कुमार पांडे ने लोगों को कामिनी एकादशी और तीर्थ नगरी की पंचकोशी परिक्रमा के महत्व की बताया। इस मौके पर एटा, कासगंज, गंजडुंडवारा, सहावर, अमापुर सहित बाहरी जनपदों से आये श्रद्धालु मौजूद थे।

## बालाघाट में गंदे पानी से 6 बच्चों की मौत से हड़कंप

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैगा आदिवासी बहुल गांवों में फैली बीमारी ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। अडोरी कुंडेकसा बोंदारी और कोरका गांवों में अब तक 1 से 13 साल की उम्र के छह बच्चों की मौत हो चुकी है। लगातार बच्चों के बीमार पड़ने की जानकारी सामने आने के बाद भोपाल तक प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय टीम प्रभावित गांवों में पहुंचकर बीमारी की जांच कर रही है।

जबलपुर मेडिकल कॉलेज के महामारी विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र विश्नोई के नेतृत्व में पहुंची टीम ने प्रारंभिक जांच में बच्चों में पोषण की कमी और दूषित पानी को बीमारी की प्रमुख वजह माना है।

विशेषज्ञों के अनुसार पर्याप्त पोषण नहीं मिलने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई। इसके चलते बच्चे संक्रमण की चपेट में आसानी से आ गए।

बीमारी की शुरूआत में बच्चों के शरीर पर दाने निकलने के साथ बुखार, मुंह में छाले, भूख नहीं लगना और झटके आने जैसे लक्षण सामने आए। बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार पड़ने से ग्रामीण इलाकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। हालांकि बीमारी की सटीक वजह और संक्रमण की पुष्टि के लिए बच्चों के सैंपल पुणे स्थित लैब में भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद बीमारी की वास्तविक स्थिति और कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### तीन बागी टीएमसी सांसदों का भाजपा में जाने से इनकार

# यूसुफ-अबू ताहिर, बोले- हम एनडीए में नहीं, 20 सांसदों ने एनसीपीआई में विलय किया था

एजेंसी, कोलकाता/नई दिल्ली।



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के तीन बागी मुस्लिम सांसद अबू ताहिर खान, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान ने कहा है कि वे भाजपा में शामिल नहीं होंगे और वे एनडीए का हिस्सा भी नहीं हैं। तीनों सांसदों के मुताबिक, वे भाजपा की राजनीति से सहमत नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्रों के लोगों के हित में केंद्र और राज्य सरकार के साथ काम करेंगे।

ये तीनों उन 20 बागी टीएमसी सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने बंगाल विधानसभा चुनाव के कुछ हफ्तों बाद ममता बनर्जी की पार्टी से अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में विलय किया था। इसके बाद एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की थी।

हालांकि, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अभी तक उन्हें औपचारिक रूप से NCPI सांसद के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अबू ताहिर और खलीलुर रहमान के मुताबिक, स्पीकर अभी भी उन्हें संसद में टीएमसी सांसद कहकर संबोधित करते हैं और उनके नाम के साथ टीएमसी लिखा जाता है।

पीएम मोदी ने 7 जुलाई को अपने आवास पर एनडीए के सांसदों के लिए ब्रेकफास्ट मीटिंग आयोजित की थी। इस दौरान NCPI में शामिल हुए टीएमसी के बागी सांसद और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में विलय करने वाले शिवसेना के सांसद भी मौजूद थे।

ब्रेकफास्ट मीटिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ टीएमसी के बागी सांसद खलीलुर रहमान, यूसुफ पठान और अबू ताहिर खान भी मौजूद थे। इसके बाद उनके भाजपा और एनडीए के करीब जाने की अटकलें तेज हो गई थीं।

**सीएम से मुलाकात के बाद बोले- भाजपा जॉइंन नहीं करेंगे**

अगले दिन यानी 8 जुलाई को अबू ताहिर और खलीलुर रहमान ने बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से राज्य सचिवालय में मुलाकात की। बैठक के बाद खलीलुर रहमान से भाजपा में शामिल होने को लेकर सवाल पूछा गया।

उन्होंने साफ कहा- नहीं, हम भाजपा में शामिल नहीं हो रहे हैं। हम NCPI के साथ रहेंगे। भविष्य में पार्टी के साथ बने रहने या कोई दूसरा राजनीतिक रास्ता चुनने के सवाल पर उन्होंने कहा- समय ही बताएगा। अबू ताहिर ने भी कहा कि वे भाजपा के साथ नहीं जाएंगे और एनडीए का हिस्सा नहीं बनेंगे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय, खासकर पिछड़े और जरूरतमंद लोगों के मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत बताई। तीनों सांसदों ने 6 जुलाई को गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। तीनों ने शाह को एक ज्ञापन सौंपा था। इसमें मस्जिदों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पाबंदियों और एसआईआर के दौरान बंगाल के वोटरों के नाम हटाए जाने की शिकायतों को लेकर चिंता जताई गई थी।

**NCPI के अंदर मतभेद पर पार्टी ने कहा- बड़ी दरार नहीं**

बागी सांसदों के गुट में मतभेद की अटकलों के बीच NCPI की सांसद काकोली घोष दस्तिदार ने कहा कि पार्टी में कोई दरार नहीं है। उन्होंने कहा कि ठउढक सांसदों के साथ पीएम मोदी की दो घंटे से ज्यादा की बैठक हुई, जिसमें बंगाल के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई और अबू ताहिर भी इसमें मौजूद थे।

वहीं, पिछले हफ्ते 4 जुलाई को ठउ‌ॠ सांसदों की 'मंगल मिलन' बैठक में ठउढकके 17 सांसद शामिल हुए थे। अबू ताहिर, खलीलुर रहमान और यूसुफ पठान इस बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

## जींस पहनने वाली लड़की लड़कों को भ्रष्ट करती है?



एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में साफ कहा कि किसी महिला या लड़की का पहनावा उसकी व्यक्तिगत पसंद है। अदालत में जिरह के दौरान कपड़ों को उसके चरित्र पर सवाल उठाने या अपराध का दोष उसी पर डालने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति चंद्रशेखरन सुधा की एकल पीठ ने ट्रायल कोर्ट के 2014 के बरी करने के फैसले को रद्द करते हुए आरोपी को आईपीसी की धारा 354ए(1)(i) के तहत दोषी ठहराया। मामला जुलाई 2013 का है, जिसमें एक पड़ोसी पर 17 वर्षीय लड़की का पीछा करने, यौन रंग की टिप्पणियां करने और उसके गाल व निजी अंग को छूने का आरोप था।

**'जींस पहनने वाली लड़की लड़कों को भ्रष्ट करती है' वाली सोच अस्वीकार्य**

अदालत ने कहा, "किसी लड़की या महिला को क्या पहनना है, यह पूरी तरह उसकी व्यक्तिगत पसंद का मामला है। न पड़ोसियों को, न समाज को, न आरोपी को और न ही अदालत में पेश होने वाले वकील को यह तय करने का अधिकार है कि महिला को क्या पहनना चाहिए। यह किसी के सरोकार का विषय ही नहीं है। कोर्ट ने विशेष रूप से उस सोच पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें कहा गया कि जींस पहनने वाली महिला युवा लड़कों को 'भ्रष्ट' कर सकती है। न्यायमूर्ति ने कहा कि इसका समाधान लड़कियों और महिलाओं के कपड़ों को नियंत्रित करने में नहीं है। माता-पिता और समाज को बच्चों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना, व्यक्तिगत सीमाओं का सम्मान करना और हर व्यक्ति के साथ गरिमा से पेश आना सिखाना चाहिए।"

## राहुल गांधी बोले- पैलेट गन पर शाह जवाब दें: भाजपा ने किया पलटवार

एजेंसी, नई दिल्ली।



भाजपा ने किया पलटवार, रिजिजू बोले- शाह जवाब देने को तैयार

संसद में केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध का हल निकलता नहीं नजर आ रहा है। इस बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों पर कार्रवाई के लिए पीएम मोदी और अमित शाह को माफी मांगनी पड़ेगी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंदर संसद आकर जवाब देने की हिम्मत नहीं है।" उन्होंने अमित शाह से सवाल किया कि छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों पर पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर अमित शाह को संसद में जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम संसद में इस पर चर्चा चाहते हैं।

राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, "मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार नीट को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। गृह मंत्री अमित शाह संसद में इसका पूरा जवाब देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध और तैयार हैं।"

रिजिजू ने कहा, "अब राहुल गांधी चर्चा और गृह मंत्री के जवाब की मांग कर रहे हैं। हम तैयार हैं। अब देखेंगे कि कौन चर्चा से भागता है। सरकार छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर बहस और चर्चा के लिए तैयार है। अब देखेंगे कि कांग्रेस अमित शाह का जवाब सुनने का साहस दिखाती है या भाग जाती है।"

**पीएम मोदी-शाह में नहीं है संसद आने की हिम्मतः राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा, "गृह मंत्री अमित शाह में संसद में आकर हमारे सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं है। पिछले 15 दिनों में उन्होंने यही दिखाया है। न तो नरेंद्र मोदी और न ही अमित शाह में इतनी हिम्मत है। किसी को उनकी राय में कोई दिलचस्पी नहीं है; हम बस यह जानना चाहते हैं कि गोली चलाने का आदेश किसने दिया, और अगर उन्होंने आदेश नहीं दिया, तो गृह मंत्रालय में किसने आदेश दिया? हम यह समझना चाहते हैं। क्या यह गलती है या अक्षमता?"

**मल्लिकार्जुन खरगे ने की बताई कांग्रेस की मांग**

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्षी दल 20 जुलाई से शुरू हुए संसद सत्र में लगातार अपनी मांगें उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पहली मांग युवाओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री और दिल्ली पुलिस के व्यवहार को लेकर है। खरगे ने आरोप लगाया कि युवाओं के खिलाफ पैलेट गन, आंसू गैस, पानी की बौछार और इलेक्ट्रिक बैटन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने इसे बच्चों के खिलाफ क्रूरता और दमन बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर संसद में सीमित चर्चा चाहता था।

**चढ़ावा चोरी मामले पर माफी मांगें पीएम मोदीः खरगे**

उन्होंने कहा, "हमारी दूसरी मांग राम मंदिर में चढ़ावा चोरी से जुड़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर ट्रस्ट की स्थापना की और इसके सदस्य चुने। इसके बावजूद पीएम मोदी के भरोसेमंद ट्रस्टियों ने चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया।" उन्होंने कहा कि हमारी तीसरी मांग पीएम मोदी की माफी से जुड़ी है। हम चाहते हैं कि पीएम मोदी राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर देश की जनता से माफी मांगें।

## राजोरी में आवारा कुत्तों का आतंकः पुलिस सब-इंस्पेक्टर समेत नौ घायल

**राजौरी।** राजोरी जिले के कोटरंका क्षेत्र में आवारा एवं रेबीज संदिग्ध कुत्तों के बढ़ते आतंक ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कुत्तों के हमलों में पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर समेत कम से कम नौ लोगों के घायल होने की सूचना सामने आई है। घटना के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए एहतियाती कदम उठाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम क्षेत्र में आक्रामक कुत्तों ने कई लोगों को अपना निशाना बनाया। कुत्तों के काटने से घायल हुए लोगों में वकार अहमद (17), पुत्र मंजूर हुसैन निवासी बड्डाल; स्वर्ण सिंह (20) पुत्र मनमेश सिंह निवासी कोटरंका; जन मोहम्मद (60), पुत्र हाजी गुलाम मोहम्मद निवासी कोटरंका; बलजीत सिंह पुत्र चरणजीत सिंह, निवासी आर.एस. पुरा, जो जम्मू-कश्मीर पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हैं; जफ्फर इकबाल (17) पुत्र मोहम्मद जमील निवासी कोटरंका; अमीन शाह (48), पुत्र सत्तार शाह निवासी सियारी; फूलो (45) पुत्र शेर अली, तालिब हुसैन (30) पुत्र अब्दुल राशिद निवासी कोटरंका तथा मोहम्मद शफीक (30) पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी गुरा सरकारी शामिल हैं।

## यूपीः 762 निकायों में ओटीएस लागू

### 15 अगस्त से बकाया संपत्ति कर तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे करदाता



एजेंसी, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लंबित संपत्ति कर यानी गृहकर, जलकर एवं सीवरकर की प्रभावी वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू करने का निर्णय लिया गया है। सरकार की इस पहल से लंबे समय से संपत्ति कर के बकाये में फंसे लाखों करदाताओं को राहत मिलने के साथ ही नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति भी मजबूत होगी।

योजना का लाभ प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में लंबित संपत्ति कर के बकायेदारों को मिलेगा। सरकार का उद्देश्य पुराने कर बकायों का सरल एवं व्यावहारिक तरीके से निस्तारण कराना, करदाताओं पर आर्थिक दबाव कम करना और कर संबंधी न्यायालयीय विवादों में कमी लाना है।

**15 अगस्त से 15 दिसंबर तक चलेगी योजना**

एकमुश्त समाधान योजना की अवधि चार माह निर्धारित की गई है और इसका क्रियान्वयन 15 अगस्त 2026 से 15 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा 15 अगस्त से 14 सितंबर 2026 के बीच सभी संबंधित करदाताओं एवं हितधारकों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक पात्र करदाता योजना का लाभ उठा सकें।

**तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे बकाया**

वहीं करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने ओटीएस के अंतर्गत बकाया संपत्ति कर के भुगतान के लिए अधिकतम तीन किस्तों की सुविधा भी प्रदान की है। करदाता को योजना लागू होने की तिथि से 30 दिन के भीतर कुल बकाये की एक-तिहाई धनराशि जमा करनी होगी। बाकी शेष दो-तिहाई धनराशि अगले दो माह में दो मासिक किस्तों के माध्यम से जमा की जा सकेगी। इस प्रकार योजना के अंतर्गत देय संपूर्ण धनराशि का भुगतान अधिकतम तीन माह की अवधि में अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा।

## क्या होर्मुज में समुद्री सेवाओं पर शुल्क लेगा ईरान? बघाई ने साफ किया रुख

एजेंसी, तेहरान।

पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के बीच ईरान किसी भी हाल में झुकने के तैयार नहीं है। ईरान का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में दी जाने वाली समुद्री सेवाओं के लिए शुल्क लिया जाना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को यह बात कही।

उन्होंने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईरान और ओमान के बीच जलमार्ग में एक नए रास्ते के निर्धारण को लेकर चल रही बातचीत के दौरान समुद्री सेवाओं के शुल्क पर चर्चा से जुड़े सवाल के जवाब में यह बयान दिया। बघाई ने कहा, "आम तौर पर, जब आप समुद्री सेवाएं प्रदान करते हैं, तो आपको उनके लिए भुगतान किया जाना चाहिए।"

**ईरान और ओमान ने कर दिया क्या खेला?**

इस्माइल बघाई ने कहा, "इस स्तर पर हम इस तरह के विवरण पर चर्चा नहीं कर रहे हैं।" उन्होंने बताया कि बातचीत जारी है और कुछ तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बघाई ने कहा कि ईरान और ओमान के बीच बातचीत सुचारू और रचनात्मक तरीके से हो रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित शिपिंग सुनिश्चित करने, पर्यावरण से जुड़े मुद्दों से निपटने, समुद्री सेवाएं उपलब्ध कराने और जलडमरूमध्य में अपराधों से मुकाबला करने के लिए व्यवस्था तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संभावित समझौते के तहत जलडमरूमध्य में मौजूदा उत्तरी और दक्षिणी मार्गों की जगह एक मध्यवर्ती मार्ग बनाया जाएगा। ईरान और ओमान के नए ट्रैफिक सेपरेशन सिस्टम पर सहमत होने तक इस नए मार्ग का अस्थायी रूप से इस्तेमाल किया जाएगा।

**ट्रंप ने ईरान के साथ समझौते पर दिए क्या संकेत?**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि ईरान के साथ ₹हम केवल आधे-अधूरे तरीके से बातचीत कर रहे हैं।₹ उन्होंने संकेत दिया कि वह नए सैन्य हमले का आदेश देने के बजाय ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ने देने के लिए तैयार हैं। एक्सियोस से संक्षिप्त फोन बातचीत में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आर्थिक रूप से 'बहुत खराब स्थिति' में है। रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही को लेकर एक समझौता ईरान, ओमान और अमेरिका के बीच हुआ था और यह ₹कुछ दिनों से लंबित₹ है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को कहा था कि ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात के लिए अस्थायी मार्ग तय करने को लेकर समझौते के 'बहुत करीब' हैं।

## मोजतबा ने की राष्ट्रपति पेजेशकियन से मुलाकात

**तेहरान।** ईरान के सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से मुलाकात की। दोनों ने देश के सैन्य और आर्थिक मामलों पर चर्चा की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कुछ दिन पहले इस्राइली मीडिया ने दावा किया था कि खामेनेई ₹बेहद गंभीर हालत₹ में हैं। प्रेस टीवी के अनुसार, बैठक में ₹लोगों की आजीविका की जरूरतों, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इस्राइल के आक्रामक युद्ध की मौजूदा स्थिति और भविष्य की संभावनाओं, सैन्य घटनाक्रम तथा संसाधनों को सुरक्षित करने और रियाल, विदेशी मुद्रा और ऊर्जा खर्चों के प्रबंधन के तरीकों₹ पर चर्चा हुई। विदेशी साझेदारों के साथ आर्थिक संबंधों पर भी बातचीत की गई। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत की जानकारी मोजतबा खामेनेई से जुड़े फारसी भाषा के एक्स अकाउंट पर भी साझा की गई।

# कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का भूकंप, 47 की मौत

### कई लोग मलबे में दबे, सैकड़ों घायल, इमारतें खाली कराई गईं

एजेंसी, बोगोटा।



दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसमें अब तक 47 लोगों की मौत हो गई हैं। भूकंप स्थानीय समय के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 7 बजे आया। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कई इमारतें खाली कराई गई हैं। सैकड़ों लोगों के घायल होने की खबर है।

अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप का केंद्र राजधानी बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में पालमार इलाके में था। इसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर और वेनेजुएला तक महसूस किए गए।

कोलंबिया में शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र 115 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके राजधानी बोगोटा समेत कई इलाकों में महसूस किए गए। जिसके झटके पड़ोसी देश इक्वाडोर तक महसूस किए गए।

भूकंप के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपने घरों व इमारतों से बाहर निकल आए। ताजा जानकारी के अनुसार, इस हादसे में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोगों के इमारतों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है।

**क्या 115 किलोमीटर की गहराई में आया भूकंप?**

EMSC के मुताबिक, कोलंबिया में आए भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई और यह 115 किलोमीटर की गहराई में आया। दोनों एजेंसियों के अनुसार, भूकंप का केंद्र सैन जोस डेल पालमार में था। यह इलाका कोलंबिया की राजधानी बोगोटा से करीब 400 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। भूकंप के झटकों की जानकारी कई इलाकों से सामने आई है। हालांकि, कोलंबिया की भूवैज्ञानिक सेवा ने भूकंप की प्रारंभिक तीव्रता 6.7 बताई है। दोनों एजेंसियों के शुरूआती आंकड़ों में भूकंप की तीव्रता को लेकर अंतर सामने आया है। अधिकारियों की ओर से तत्काल किसी तरह के नुकसान या लोगों के घायल होने की सूचना नहीं दी गई थी।

# चीन में तूफान 'डॉल्फिन' का कहरः 10 लाख से ज्यादा लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए, ब्लू टाइफून वॉर्निंग जारी

एजेंसी, बीजिंग।



चीन के पूर्वी हिस्सों में शक्तिशाली तूफान 'डॉल्फिन' ने भारी बारिश और बाढ़ का खतरा बढ़ा दिया है। चीनी मेट विभाग ने ब्लू टाइफून वॉर्निंग जारी कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार शाम तक 10 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों को आशंका है कि आने वाले दिनों में लगातार तेज बारिश से कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा हो सकती है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि चीन के नेशनल मौसम विज्ञान सेंटर के अनुसार, टाइफून डॉल्फिन पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के तट से टकराने के बाद अंदर की ओर बढ़ रहा है और इसके 10 से इलाकों में भारी बारिश लाने की आशंका है।

सेंटर ने सोमवार सुबह एक ब्लू टाइफून वॉर्निंग जारी की, जिसमें झेजियांग, जियांग्सू, हेनान और हेबेई जैसे इलाकों में बुधवार तक लगातार भारी बारिश का अनुमान है। कुछ इलाकों में मूसलाधार बारिश, आंधी और तेज हवाएं चलने की आशंका है। तूफान का सबसे ज्यादा असर झेजियांग प्रांत के तटीय शहर वेंझोउ पर पड़ा है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यहां 9 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। लोगों के लिए 1,500 से ज्यादा आपातकालीन आश्रय केंद्र खोले गए हैं। पड़ोसी फुजियान प्रांत में भी करीब 98,900 लोगों को जोखिम वाले इलाकों से हटाया गया।

चीन का सबसे बड़ा शहर शंघाई भी तूफान की चपेट में है। रविवार शाम तक शहर के संवेदनशील इलाकों से करीब 2,15,600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। यह संख्या पहले बताए गए 30,300 लोगों के मुकाबले कई गुना अधिक है। बारिश ने शंघाई में पिछले डेढ़ सदी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। शहर के एक मौसम केंद्र ने 24 घंटे की अवधि में 150 साल से अधिक समय में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में कुछ इलाकों में 200 से 400 मिलीमीटर तक बारिश होने का अनुमान जताया है।

तूफान डॉल्फिन सोमवार तड़के कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। इसके उत्तर और अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ने के साथ चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है। शानदोंग, हेनान, हुबेई, अनहुई, जिआंगसू, झेजियांग और शंघाई में बुधवार तक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रह सकता है।

अधिकारियों ने लोगों से भारी बारिश के दौरान घरों के अंदर रहने की अपील की है। तूफान का असर सामान्य जनजीवन पर भी पड़ा है। शंघाई के दोनों हवाई अड्डों से 1,300 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। चीन पहुंचने से पहले डॉल्फिन जापान के दक्षिणी ओकिनावा क्षेत्र से गुजरा, जहां छह लोग घायल हुए और 50 हजार से अधिक इमारतों की बिजली प्रभावित हुई।

## बालेन शाह ने खोली 'वन-टू-वन' डिप्लोमेसी की राह

**काठमांडू।** भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से सिंहदरबार में मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों, आपसी सहयोग और विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री बनने के बाद शाह की किसी विदेशी राजनयिक के साथ यह पहली आमने-सामने द्विपक्षीय बैठक है। दोनों देशों के बीच विकास सहयोग करीब सात दशक पुराना है और वर्तमान में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, कनेक्टिविटी, व्यापार, कृषि तथा सांस्कृतिक विरासत समेत कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। राजनयिक बातचीत के उद्देश्यों और प्रमुख बिंदुओं को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी किया। पीएमओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को सिंहदरबार में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नेपाल-भारत संबंधों को और मजबूत करने, आपसी सहयोग को बढ़ावा देने और दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा केंद्रित रही।'

## 'हम भी मांगेंगे हर्जाना': ईरान की मुआवजे की मांग पर ट्रंप का नया दांव, बोले- अब हर बातचीत में होगा मुद्दा

एजेंसी, वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से उन लोगों के लिए मुआवजे की मांग की है, जो तेहरान से जुड़े संघर्षों में मारे गए या गंभीर रूप से घायल हुए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य में होने वाली किसी भी बातचीत में यह मुद्दा शामिल किया जाएगा।

ट्रंप की यह मांग उस दावे के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के प्रतिनिधियों ने पांच महीने के सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान को हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। ट्रंप ने एक पोस्ट में ईरान की इस मांग को "दिलचस्प विचार" बताया। उन्होंने कहा कि वह भी तेहरान से इसी तरह की मांग कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "मैं भी ईरान से उन सभी लोगों के लिए मुआवजे की मांग कर रहा हूं, जिन्हें उसने अपने सड़क किनारे बमों और कई संघर्षों में मारा और गंभीर रूप से घायल किया है, जिनके लिए वह मशहूर है।" ट्रंप ने उन संघर्षों का भी जिक्र किया, जिनमें ईरानी सैन्य कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी शामिल थे।

**ईरान में प्रदर्शनकारियों के परिवारों के लिए भी मुआवजे की मांग**

उन्होंने यूएसएस कोल पर मारे गए लोगों के परिवारों के लिए भी मुआवजे की मांग की। इसके अलावा उन्होंने युद्ध में मारे गए हजारों अन्य लोगों के परिवारों का भी जिक्र किया। ट्रंप ने पिछले पांच दशकों के दौरान ईरान में प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए भी मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा, "इसके अलावा, पिछले 50 वर्षों में ईरान द्वारा मारे गए सैकड़ों हजारों निर्दोष प्रदर्शनकारियों के परिवारों को भी मुआवजा दिया जाना चाहिए।" ट्रंप ने यह भी दावा किया कि पिछले पांच महीनों में 52,000 लोग मारे गए हैं। हालांकि, अपनी पोस्ट में ट्रंप ने यह नहीं बताया कि मुआवजे की राशि कैसे तय की जाएगी या इस तरह के भुगतान को कैसे लागू कराया जाएगा।

**भविष्य की बातचीत में मुद्दा शामिल करने का निर्देश**

ट्रंप ने कहा कि "मैंने अपने प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि भविष्य में होने वाली किसी भी और सभी बातचीत में इस मुद्दे को मजबूती से शामिल किया जाए।" ट्रंप ने कहा कि उनकी यह टिप्पणी उस समय आई है, जब ईरानी प्रतिनिधि पांच महीने के सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान को हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह संघर्ष इसलिए शुरू हुआ, क्योंकि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने की अपनी कोशिश छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। ट्रंप ने यह सवाल भी उठाया कि ईरान ने पहले हुई बातचीत या बैठकों में मुआवजे का मुद्दा क्यों नहीं उठाया। ट्रंप की यह नई मांग वॉशिंगटन और तेहरान के बीच भविष्य की बातचीत को प्रभावित कर सकती है।



# कैसे बनते हैं सरकारी विभाग में स्टेनोग्राफर

**सरकारी विभागों में स्टेनोग्राफर का पद काफी महत्वपूर्ण है. एक स्टेनोग्राफर राइटिंग/ टाइपिंग/ ट्रांसक्राइबिंग और ऑफिस डॉक्यूमेंट्स के रख-रखाव जैसे काम करता है. ट्रांसक्राइबिंग का मतलब स्पष्ट करना जरूरी है. इसका मतलब है कि किसी व्यक्ति के द्वारा बोली जा रही बातों को शॉर्टहैंड में लिखना.**

ट्रांसक्राइब का काम आमतौर पर अधिकारियों द्वारा ली जा रही किसी मीटिंग में होता है. इसलिए एक स्टेनोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले शॉर्टहैंड राइटिंग स्किल का होना जरूरी है. इसे स्टेनोग्राफी कहते हैं. स्टेनोग्राफर की जरूरत अंग्रेजी और हिंदी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी होती है. स्टेनोग्राफर की भर्ती विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में समय-समय पर निकलती रहती है. सरकारी विभागों के साथ प्राइवेट सेक्टर में भी स्टेनोग्राफर की अच्छी खासी डिमांड है.

## स्टेनोग्राफर के लिए शैक्षणिक योग्यता

स्टेनोग्राफर बनने के लिए 12वीं पास होने मे साथ स्टेनोग्राफी में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट होना जरूरी है. स्टेनोग्राफी स्किल टेस्ट में हिंदी के लिए कम ये कम 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग स्पीड और शॉर्टहैंड की स्पीड 80 शब्द प्रति मिनट होना चाहिए. जबकि अंग्रेजी भाषा में स्टेनोग्राफी करने के लिए 30 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग स्पीड और शॉर्टहैंड स्पीड कम से कम 100 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए. हालांकि कुछ विभागों में योग्यता भिन्न-भिन्न हो सकती है. इसलिए नोटिफिकेशन जरूर देखना होगा.
स्टेनोग्राफर बनने की उम्र सीमा
स्टेनोग्राफर बनने के लिए उम्र सीमा 18 से 25 साल है. स्टेनोग्राफर भर्ती में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट मिलेगी.

## स्टेनोग्राफर बनने की सैलरी

सरकारी विभागों में स्टेनोग्राफर को पे-बैंड 1 अर्थात रु.5200-20200 और रु.2600 ग्रेड पे के अनुसार सैलरी मिलती है. इसके अनुसार शुरुआती सैलरी लगभग रु.30,000 मिलती है. ग्रेड पे अलग-अलग विभागों में अलग-अलग हो सकता है.



# कैसे मिलती है फाइनेंस मिनिस्ट्री में नौकरी

**वित्त मंत्रालय में नौकरी करने की चाह रखने वाले कैंडिडेट्स के लिए कुछ मानदंड तय किए गए हैं। चलिए जानते हैं पेपर पैटर्न से लेकर सेलेक्शन प्रोसेस से जुड़ी हर एक जानकारी।**

सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले कई युवा फाइनेंस मिनिस्ट्री में नौकरी करने के बारे में सोचते हैं। अगर आप भी वित्त मंत्रालय में नौकरी करने का सपना देख रहे हैं, तो इस लेख में आज हम आपको वित्त मंत्रालय में नौकरी कैसे मिलती है, योग्यता, चयन प्रक्रिया आयु सीमा और सैलरी के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं।

## वित्त मंत्रालय में निकलने वाली भर्तियों का कैसे पता लगाएं?

सरकारी नौकरी के सभी सेक्टर में निकलने वाली भर्ती के बारे में हमें उनकी ऑफिशियल साइट के साथ सरकारी नौकरी नाम के पेज पर सभी अपडेट मिल जाती है। बता दें कि अगर आप इस पर वित्त मंत्रालय की भर्तियों के बारे में नहीं पता कर पा रहे हैं, तो बता दें कि आप वित्त मंत्रालय की आधिकारिक साइट पर देख सकते हैं।

## वित्त मंत्रालय में नौकरी पाने की उम्र

वित्त मंत्रालय में नौकरी करने का सपना देखने वाले छात्रों के लिए तय मानदंड के अनुसार, उम्मीदवारों की उम्र 64 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी उम्र इससे ज्यादा है तो आप आवेदन के योग्य नहीं हैं।

## वित्त मंत्रालय कर्मचारी की सैलरी क्या होती है?

वित्त मंत्रालय में नियुक्ति होने वाले कर्मचारी की सैलरी की बात करें, तो उम्मीदवारों का सेलेक्शन होने के बाद उन्हें आधिकारिक नोटिफिकेशन में दिए गए नियमों के अनुसार सैलरी दी जाती है। यह सैलरी पद और योग्यता के आधार पर निर्भर करती है।

## वित्त मंत्रालय में आवेदन की प्रक्रिया क्या है?

वित्त मंत्रालय में नौकरी के लिए आवेदन प्रक्रिया दो तरीकों से होती है। पहला ईमेल के जरिए कैंडिडेट्स अपने आवेदन पत्र को ईमेल से registrar-atfp@gov.in पर भेज सकते हैं। इसके अलावा दूसरा तरीका डाक के जरिए होता है।

# कैसे बना सकते हैं फाइनेंस सेक्टर में करियर

वित्तीय मामलों का समाधान आंकड़ों से जुड़ा हुआ होता है। ऐसे में फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए फाइनेंस भाषा की सही पकड़ होनी जरूरी है। चलिए जानते है कि फाइनेंस सेक्टर में करियर कैसे बना सकते हैं। देश का बजट तैयार करने के लिए पहले से पूरी फाइनेंशियल टीम बैठकर बातचीत और सभी तथ्यों को देखते हुए बजट तय करती हैं। ऐसे में बहुत से स्टूडेंट अपना करियर फाइनेंस सेक्टर में बनाना चाहते हैं। कस्टमर को उपयोगी वित्तीय सलाह देने के लिए इन दिनों फाइनेंशियल एडवाइजर की काफी मांग हो रही है। ऐसे में प्रोफेशनल्स फाइनेंसर की हर कपंनी में जरूरत होती है। फाइनेंस मामलों में ज्यादातर आंकडों का खेल और फाइनेंस की भाषा को समझना जरूरी होता है। अगर आपके अंदर यह क्वालिटी है तो आप फाइनेंस सेक्टर में अपना करियर बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इस सेक्टर में काम करने के लिए कोर्स और कौन से कॉलेज बेस्ट हैं।

## फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए शैक्षिक योग्यता

फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए उम्मीदवार को कैट एग्जाम क्लियर करना होता है। इसके बाद भारत के किसी भी अच्छे बिजनेस या मैनेजमेंट संस्थान में एडमिशन ले सकते हैं। इसके साथ ही फाइनेंस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए आप किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। पहले कामर्स के स्टूडेंट्स इस फील्ड में अपना करियर बना सकते थे। लेकिन बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी, बीए, बीबीए और बीई से पढ़े हुए छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।



## फाइनेंस के इन सेक्टर में नौकरी का अवसर

फाइनेंस एडवाइजर,अकाउंटेंट, आडिटर, इकोनामिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन आफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यू एजेंट आदि रोल में काम कर सकते हैं। अगर आपने केवल फाइनेंस में ग्रेजुएशन किया है तो आप किसी बिजनेस न्यजू पेपर, पत्रिका आदि में फाइनेंस रिपोर्टर और वित्तीय विश्लेषक के रूप में भी काम कर सकते हैं। बता दें कि बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स का चयन करती हैं। इसके अलावा आज के समय विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर की मांग काफी तेजी से हो रही है।



# स्वीडन में पढ़ाई के लिए आकर्षित हो रहे हैं भारतीय छात्र

**पढ़ाई खत्म होने के बाद छात्र नौकरी ढूंढने के लिए अगले छह महीनों तक स्वीडन में रुक सकते हैं। अगर उन्हें नौकरी मिल जाती है तो आमतौर पर कंपनियां उन्हें स्थायी कर्मचारी बनाने के लिए इमिग्रेशन में मदद करती है...**

बिजनेस स्वीडन के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर हिंदुजा के लिए स्वीडन में पढ़ाई क्रिएटिविटी और गंभीर सोच है। यहां भारतीय छात्र कई विषयों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने आते हैं जिसमें इंडस्ट्रियल डिजाइन, कंप्यूटर साइंस, एयरोनॉटिक्स, ऑटोमेटिव इंजिनियरिंग, रोबोटिक्स, एनवायरमेंट साइंस आदि शामिल है।स्थिरता यहां शिक्षा का हिस्सा है और स्वीडन के आउटडोर एक्सरसाइज, आउटडोर एजुकेशन और प्रकृति के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। यहां सभी को समान माना जाता है और चीजों को पूरा करने में सभी का समान योगदान माना जाता है। स्वीडन में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को यहां के पढ़ाई के माहौल के बारें में जानकारी हासिल करने आना चाहिए जिसके बारे में किताबों से पता नहीं चलता।

## पढ़ाई का खर्च

स्वीडन में पढ़ाई को लेकर औसत खर्च की बात करें तो यह 50,000-1,20,000 सालाना स्वीडिश क्रोन पड़ता है। एक स्विडिश क्रोन भारत के करीब 7 रुपए के बराबर होता है। पढ़ाई का खर्च आपकी यूनिवर्सिटी और कोर्स पर भी निर्भर करता है। यहां पढ़ाई के दौरान काम करने की कोई लिमिट नहीं है। आप पढ़ाई के दौरान जब तक चाहे काम कर सकते हैं।

## वीजा के नियम

पढ़ाई खत्म होने के बाद छात्र नौकरी ढूंढने के लिए अगले छह महीनों तक स्वीडन में रुक सकते हैं। अगर उन्हें नौकरी मिल जाती है तो आमतौर पर कंपनियां उन्हें स्थायी कर्मचारी बनाने के लिए इमिग्रेशन में मदद करती है।

## संस्कृति

स्वीडन में घुलना मिलना काफी आसान होता है। लगभग सभी मास्टर्स प्रोग्राम इंगलिश में कराए जाते हैं और कई यूनिवर्सिटिज में इंडियन क्लब और सोसायटी भी होती हैं। भोजन की यहां दिक्कत नहीं होती क्योंकि यहां अधिकतर शाकाहारी भोजन पसंद किया जाता है।
स्वीडन में ठंड होती है लेकिन उन्नत किस्म का इंफ्रास्ट्रक्चर इस परेशानी को कम कर देता है। 'स्वीडन में कहा जाता है कि खराब मौसम जैसा कुछ नहीं होता बल्कि खराब कपड़े पहनना परेशानी का कारण होता है।



# सोशल सांइस में हैं नौकरियों की अपार संभावनाएं

**अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल साइंस की पढ़ाई के बाद किन क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना सकते हैं।**

आज के समय में लोग अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो आप इस फील्ड में काफी शानदार कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि सोशल साइंस के फील्ड को काफी बड़ा माना जाता है। इस फील्ड में पढ़ाई के बाद नौकरियों की अपार संभावनाएं आपके सामने होती हैं। ऐसे में अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल साइंस की पढ़ाई के बाद किन क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**सिविल सेवा** - सोशल साइंस ग्रेजुएट स्टूडेंट्स के लिए सिविल सेवा सबसे कॉमन कॅरियर ऑप्शन है। किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन करने के बाद आप सिविल सेवा की परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

**इकोनॉमिस्ट** - आमतौर पर उत्पादों और सेवाओं की डिमांड और सप्लाई के आंकड़ों की जांच इकोनॉमिस्ट करता है। इकोनॉमिस्ट इकोनॉमिक डेवलपमेंट, टैक्स रेट और बिजनेस साइकल जैसे क्षेत्रों में मात्रात्मक और गुणात्मक रिसर्च करते हैं। अगर आप अर्थशास्त्र में अच्छी खासी रुचि रखते हैं, तो आप सोशल साइंस से ग्रेजुएशन कर सकते हैं।

**पॉलिटिकल साइंटिस्ट** - पॉलिटिकल साइंटिस्ट पॉलिसी, पॉलिटिकल ट्रेंड और आइडिया पॉलिसी को समझने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक रिसर्च की सहायता लेता है। ज्यादातर पॉलिटिकल साइंटिस्ट थिंक टैंक, शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक वैज्ञानिक सरकारी विभागों के साथ-साथ गैर-लाभकारी संगठनों के भीतर काम करते हैं।

**ऑर्गनाइजेशनल साइकोलॉजिस्ट** - सोशल साइंस ग्रेजुएट के लिए ऑर्गनाइजेशनल साइकोलॉजिस्ट एक उभरता हुआ कॅरियर ऑप्शन है। यह ऑर्गनाइजेशन वर्कप्लेस में ह्यूमन बिहेवियर को स्टडी करने का काम करते हैं। इस फील्ड के एक्सपर्ट मैनेजमेंट के साथ सहयोग कर कंपनी में स्टाफ की हायरिंग और ट्रेनिंग का काम भी करते हैं।

**रिसर्चर** - ग्रेजुएशन करने के बाद स्टूडेंट पोस्ट ग्रेजुएशन और रिसर्च कोर्स के लिए आप एकेडमिक पढ़ाई को जारी रख सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएट एक सर्वे रिसर्चर के तौर पर भी अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

**अर्बन एंड रीजनल प्लानर** - सोशल साइंस ग्रेजुएट करने वाले छात्र अर्बन एंड रीजनल प्लानर के तौर पर भी अपना कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के शहरीकरण ने इन प्लानर की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। अर्बन एंड रीजनल प्लानर यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रस्ताव और योजनाएं सभी जोनिंग, पर्यावरणीय नियमों और बिल्डिंग कोड को पूरा करते हैं।

# लंबे इंतजार के बाद सरफराज खान की टेस्ट टीम में वापसी




एजेंसी, नई दिल्ली।

श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले बल्लेबाज सरफराज खान ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर अपनी खुशी जाहिर की है। सरफराज ने इंस्टाग्राम पर पिता और पूर्व क्लब क्रिकेटर एवं कोच नौशाद खान के साथ भारतीय टीम की ट्रेनिंग किट में अपनी तस्वीर पोस्ट की। सरफराज को चोटिल साई सुदर्शन के स्थान पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। साई सुदर्शन दाएं पैर के अंगूठे में स्ट्रेस रिएक्शन के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं।

### लंबे इंतजार के बाद टेस्ट टीम में वापसी

भारतीय टेस्ट टीम में सरफराज की आखिरी बार वापसी 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वह सीरीज भारत ने 1-4 से गंवाई थी। इसके बाद से सरफराज टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे, हालांकि घरेलू क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 62 प्रथम श्रेणी मैचों में 64.73 की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि, भारत के लिए वह अब तक सिर्फ छह टेस्ट मैच ही खेल सके हैं। उनका पिछला टेस्ट मैच नवंबर 2024 में था।

सरफराज को टीम से बाहर किए जाने के फैसले पर उस समय भी सवाल उठे थे, जब उन्हें दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ सीरीज के लिए भारत ए टीम में जगह नहीं मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

### साई सुदर्शन की चोट ने खोला रास्ता

बीसीसीआई ने रविवार को साई सुदर्शन के श्रीलंका दौरे से बाहर होने की पुष्टि की थी। बोर्ड ने बताया कि सुदर्शन बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबर रहे हैं और उनकी स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन वह दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पूरी तरह फिट नहीं हो सके हैं।

बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'साई सुदर्शन श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। दाएं पैर के अंगूठे में स्ट्रेस रिएक्शन से उबर रहे इस बाएं हाथ के बल्लेबाज की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और वह अच्छी तरह रिकवर कर रहे हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर करीबी नजर रख रही है।' बोर्ड ने आगे बताया कि पुरुष चयन समिति ने साई सुदर्शन के स्थान पर सरफराज खान को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। सरफराज कोलंबो में भारतीय टीम से जुड़ेंगे, जिसके बाद टीम पहले टेस्ट के लिए गाले रवाना होगी। सीरीज का पहला टेस्ट 15 अगस्त से खेला जाएगा।

### प्लेइंग इलेवन में जगह के लिए चुनौती

हालांकि टीम में वापसी के बावजूद सरफराज को तुरंत प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी, यह तय नहीं है। रविवार को हुए भारत के अभ्यास मैच में देवदत्त पडिक्कल ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। ऐसे में उनकी इस पारी का असर पहले टेस्ट की बल्लेबाजी क्रम को लेकर टीम प्रबंधन के फैसले पर पड़ सकता है। सरफराज के पास अब टीम में वापसी को मजबूत करने और प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने का मौका है।

### पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्साहित जेमिमा

# बोलीं- लक्ष्य हमेशा टीम की जीत



एजेंसी, सिडनी।

भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स आगामी आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 को लेकर काफी उत्साहित हैं। पहली बार आयोजित होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर जेमिमा ने कहा कि उनके लिए माइंडसेट में कोई बदलाव नहीं होगा और हमेशा की तरह टीम को जीत दिलाना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### क्या बोलीं जेमिमा?

महिला क्रिकेट की पहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 14 से 28 फरवरी 2027 तक श्रीलंका में खेली जाएगी। जेमिमा ने जियोहॉटस्टार से बातचीत में कहा कि टीम ने एक बार सफलता का स्वाद चख लिया है और अब खिलाड़ी लगातार शीर्ष पर बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने एक बार सफलता का स्वाद चखा है और जानते हैं कि शीर्ष पर रहना कैसा महसूस होता है। जितना ज्यादा आप इसका स्वाद चखते हैं, उतना ही ज्यादा वहां बने रहने की इच्छा होती है। हमारी टीम उसी दिशा में काम कर रही है और चैंपियंस ट्रॉफी बेहद खास होने वाली है।'

जेमिमा ने पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को अपने लिए भी खास बताया। उन्होंने कहा, 'यह महिला क्रिकेट में पहली बार हो रहा है और मैं भी पहली बार इसका हिस्सा बनूंगी। यह काफी खास होगा और मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। माइंडसेट की बात करें तो कुछ नहीं बदलता। आखिर में बात टीम की होती है और टीम को कैसे जिताना है, यही हमेशा हमारी सोच रहती है।'

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज को लेकर भी उत्साहित

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम दिसंबर 2026 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच बहु-प्रारूप द्विपक्षीय सीरीज खेली जाएगी। जेमिमा ने इस सीरीज को बेहद प्रतिस्पर्धी बताया। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से बेहद रोमांचक सीरीज होने वाली है। दोनों टीमें काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। हाल के समय में हमारे बीच काफी प्रतिद्वंद्विता रही है और हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कई मैच खेले हैं। दुनिया की दो शीर्ष टीमों का दक्षिण अफ्रीका में आमना-सामना होना शानदार चुनौती होगी और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।'

### द हंड्रेड से मिला परिस्थितियों के अनुसार ढलने का सबक

जेमिमा का द हंड्रेड 2026 अभियान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण समय से पहले समाप्त हो गया। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में सदर्न ब्रेव को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई और दो मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता। महिला एशिया कप के लिए फिटनेस हासिल करने की दौड़ में शामिल जेमिमा ने द हंड्रेड के अपने अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि इस साल अलग-अलग पिचों और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना सबसे बड़ी चुनौती रही। उन्होंने कहा, 'यह साल वास्तव में चुनौतीपूर्ण रहा। अलग-अलग पिचों और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना जरूरी था। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार पिचें काफी मुश्किल और थोड़ी धीमी थीं। इसलिए परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना जरूरी था, क्योंकि इस साल बहुत ज्यादा बड़े स्कोर देखने को नहीं मिले।'

जेमिमा के मुताबिक ज्यादातर मुकाबलों में 120-130 रन के आसपास के स्कोर देखने को मिले। ऐसे में बल्लेबाजों को यह समझना जरूरी था कि किसी परिस्थिति में कौन सा स्कोर चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा, 'लक्ष्य का पीछा करते समय भी आपको अपने जोखिम लेने को लेकर काफी गणनात्मक होना पड़ता है। यही मेरे लिए सबसे बड़ी सीख रही। इस अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिला और यह शानदार अनुभव रहा।'

## मनोरंजन

# 'मुसाफिर कैफे' में बेबाक लड़की बनीं वेदिका पिंटो, कहा- काश मैं भी सुधा जैसी होती

अभिनेत्री वेदिका पिंटो ने वेब सीरीज 'मुसाफिर कैफे' में सुधा नाम की बेबाक लड़की का किरदार निभाया है, जो ज्यादा विचार नहीं करती, बल्कि अपनी अंतरात्मा और इंस्टिंक्ट (सहज ज्ञान) पर भरोसा करती है। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि वे सुधा की तरह बनना चाहती हैं। वेदिका पिंटो ने बताया कि उनमें और सुधा में जमीन आसमान का फर्क है। उन्होंने कहा, ''काश मैं सुधा जैसी होती। हमारे बीच सबसे बड़ा फर्क यह है कि मैं बहुत ज्यादा सोचती हूं, जबकि सुधा शायद ही कभी किसी चीज पर ज्यादा सोचती है। वह अपने मन की सुनती है और उसे जो कुछ भी करना है, उसके लिए वह बहुत कॉन्फिडेंट रहती है। अभिनेत्री ने बताया कि इस किरदार को निभाते वक्त उन्होंने सुधा की तरह मन की सुनने की कोशिश की थी।''



इससे पहले अभिनेत्री ने अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'निशांची' में डांसर 'रिंकू' नाम की दबंग और रंगीली लड़की का किरदार अदा किया था।


अभिनेत्री से जब आईएएनएस ने अनुराग कश्यप के साथ काम करने को लेकर पूछा, ''फिल्म निशांची में अनुराग कश्यप के साथ आपने उनसे ऐसा क्या सीखा जो कोई एक्टिंग स्कूल नहीं सिखा सकता?''

अभिनेत्री वेदिका पिंटो ने कहा, ''अनुराग सर के साथ काम करने के दौरान मुझे एक्टिंग के साथ-साथ जिंदगी के बारे में भी बहुत कुछ सीखने को मिला था, जिसे शब्दों में बयां करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि फिल्म 'निशांची' और अनुराग सर के साथ काम करने के बाद मुझमें खुद को स्वीकार करना आया और यही मेरे सफर का सबसे बड़ा सबक रहा है।''

अभिनेत्री वेदिका पिंटो ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में नेटवर्किंग जरूरी है। उन्होंने यह भी माना कि नेटवर्किंग की वजह से ही उन्हें अनुराग कश्यप के साथ काम करने का मौका मिला। अभिनेत्री ने कहा, ''मैं बहुत समय से अनुराग सर के साथ काम करना और उनसे मिलना चाहती थीं। मेरे मैनेजर ने आखिरकार उनके साथ मीटिंग अरेंज की और हमारी बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने मुझमें कुछ ऐसा देखा, जिसकी वजह से आखिरकार निशांची मिली। अगर वह मीटिंग नहीं होती तो शायद मुझे वह फिल्म नहीं मिलती। इसलिए नेटवर्किंग जरूरी है क्योंकि लोग आपको किसी रोल के लिए कंसीडर करने से पहले आपको जानना जरूरी समझते हैं।''

अभिनेत्री से आईएएनएस ने एक और सवाल किया, ''आजकल सोशल मीडिया पर दिखना बहुत जरूरी माना जाता है। क्या आपको लगता है कि दिखना एक्टिंग टैलेंट जितना ही जरूरी हो गया है?''

अभिनेत्री वेदिका पिंटो ने कहा, ''एक समय था जब मैं सुनती थी कि कास्टिंग फॉलोअर्स या पॉपुलैरिटी पर निर्भर करती है। मुझे नहीं पता कि यह कितना सच है, लेकिन मैं हमेशा एक्टिंग और सोशल मीडिया को अलग रखती हूं क्योंकि एक्टिंग मेरा प्रोफेशन है, जबकि सोशल मीडिया विजिबिलिटी गुजारे और एक्स्ट्रा इनकम के मौकों के लिए जरूरी है।''



# एकता कपूर की चमक कम नहीं हुई, वह समय के साथ बदलना जानती हैं: तेजस्वी प्रकाश

टीवी की दुनिया में अब डेली सोप्स के मुकाबले रियलिटी शोज, गेमिंग शोज और अलग तरह के कंटेंट को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। ऐसे समय में मशहूर प्रोड्यूसर और 'टेलीविजन की क्वीन' कही जाने वाली एकता कपूर ने खुद को सिर्फ टीवी सीरियल्स तक सीमित नहीं रखा और रियलिटी शो के क्षेत्र में कदम बढ़ाया। इस कड़ी में एकता कपूर की तारीफ करते हुए अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने कहा कि वह समय के साथ खुद को बदलना जानती हैं। दरअसल, तेजस्वी प्रकाश इन दिनों गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड' के पांचवें सीजन को लेकर चर्चा में हैं। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''एकता कपूर हमेशा से टेलीविजन की क्वीन रही हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ टीवी की निमार्ता के तौर पर देखना सही नहीं होगा। वह एक बेहतरीन रणनीतिकार होने के साथ-साथ बहुत समझदार बिजनेसवुमन भी हैं। उन्हें पता है कि इस समय दर्शकों के बीच क्या चल रहा है और किस तरह का कंटेंट लोगों को पसंद आ रहा है। इसलिए वह अपने काम को समय की मांग के हिसाब से बदलती रहती हैं।'' तेजस्वी ने कहा, ''एकता ने अपने आसपास कई ऐसे लोगों को देखा है, जो अपने काम करने के तरीके में बदलाव नहीं करना चाहते। ऐसे लोग चाहे उनका तरीका काम करे या न करे, उसी रास्ते पर चलते रहते हैं। इसकी वजह से वे आगे नहीं बढ़ पाते और एक जगह पर ही रुक जाते हैं। समय के साथ खुद में बदलाव करना बेहद जरूरी है और उन्होंने अपने जीवन में इस बात को महसूस किया है।''

तेजस्वी ने कहा, ''एकता कपूर ने अपनी गलतियों को समझा है और उन गलतियों से सीखने के बाद अपने काम करने के तरीके में जरूरी बदलाव किए हैं। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए यह समझना जरूरी है कि कब अपने तरीके को बदलने की जरूरत है।''

तेजस्वी का एकता कपूर के साथ काम करने का अनुभव भी रहा है। वह एकता कपूर के चर्चित शो 'नागिन 6' में नजर आई थीं।

रियलिटी शो 'लॉक अप' को लेकर भी तेजस्वी ने एकता कपूर की टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''शो के दूसरे सीजन की सफलता से मैं बेहद खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं खुद भी 'लॉक अप' का हिस्सा रह चुकी हूं। भले ही मेरा जुड़ाव शो से छोटे स्तर पर रहा हो, लेकिन उस शो का हिस्सा बनना और उसके मंच पर मौजूद रहना मेरे लिए बेहद मजेदार अनुभव था।''

तेजस्वी ने आखिर में कहा, ''एकता कपूर की पहचान सिर्फ टेलीविजन तक सीमित नहीं है। वह फिल्ममेकर भी हैं और फिल्मों के क्षेत्र में भी काम कर रही हैं। उनके पास आने वाले समय के लिए कुछ नए और शानदार प्रोजेक्ट्स हैं। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि एकता कपूर की चमक कम हो रही है।''

# दीपिका सितंबर से पहले पूरी करेंगी 'राका' की शूटिंग



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एक बिटिया दुआ के माता-पिता हैं। कपल के परिवार में एक बार फिर किलकाली गूंजने वाली है। 'दीपवीर' अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगे। दीपिका आठ माह की गर्भवती हैं। अगले महीने उनके घर किलकारी गूंजेगी। इससे पहले वे 'राका' की शूटिंग पूरी कर रही हैं।

### देर रात तक काम कर रहीं दीपिका

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण सितंबर में अपनी डिलीवरी से पहले-पहले 'राका' की शूटिंग पूरी करने वाली हैं। आठ महीने की प्रेग्नेंसी में भी दीपिका फिल्म की शूटिंग जारी रखे हुए हैं। खबर है कि जरूरत पड़ने पर वह देर रात तक काम कर रही हैं।

### दीपिका को देख प्रोडक्शन टीम क्यों हैरान?

फिल्मफेयर के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'दीपिका आठ माह के गर्भ से हैं। अगले महीने वे बच्चे को जन्म देंगी। इन दिनों दीपिका पादुकोण आठ माह की गर्भावस्था में भी 'राका' की शूटिंग कर रही हैं। आगे कहा है कि दीपिका सितंबर में अपने दूसरे बच्चे के जन्म से पहले फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर ध्यान दे रही हैं। शूटिंग के दौरान वे सेट पर रहती हैं और जरूरत पड़ने पर देर रात तक काम भी करती हैं।

क्रू और टीम के लोग उनके काम के कमिटमेंट देखकर हैरान हैं।

### एक्शन से भरपूर होगी 'राका'

एटली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'राका' में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। वहीं, दीपिका पादुकोण अहम भूमिका में हैं। यह साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जा रही है, जिसमें ढेर सारे विजुअल इफेक्ट्स और जबरदस्त एक्शन सीन होंगे। माना जा रहा है कि यह फिल्म 2027 की सबसे बड़ी पैन-इंडिया रिलीज में से एक होगी और फैंस स्क्रीन पर अल्लू अर्जुन और दीपिका की नई जोड़ी को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# 'स्लम डॉग' से तब्बू ने शेयर किया वीडियो, बोलीं- 'हैदराबादी में बात करके मजा आया'



पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में बन रही पैन इंडिया फिल्म 'स्लम डॉग: 33 टेंपल रोड' में अभिनेत्री तब्बू भी अहम किरदार में नजर आएंगी। सोमवार को फिल्म से तब्बू का लुक सामने आया है जिसे एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। इस एक पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने फैंस को अपने किरदार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिल्म में उनके किरदार का नाम क्या होगा? और वह कैसा होगा?

### फिल्म में क्या रोल निभाएंगी तब्बू?

- 'स्लम डॉग' में तब्बू एक अहम भूमिका निभामने वाली हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने फैंस के साथ कुछ खास जानकारियां साझा कीं।
- फिल्म में तब्बू एक सख्त आयकर अधिकारी के रूप में नजर आएंगी।
- इस फिल्म में तब्बू के किरदार का नाम गौरी हेगड़े है।
- गौरी को एक निर्दयी, बेरहम और साहसी महिला के रूप में पेश किया गया है।
- एक्ट्रेस की शेयर की गई पोस्ट में वह बड़े गंभीर अंदाज में नजर आ रही हैं।
- फिल्म से शेयर किए एक वीडियो में वह विजय सेतुपति से पूछताछ करती नजर आ रही हैं।

### पोस्ट में तब्बू ने क्या लिखा?

इस एक पोस्ट के अलावा तब्बू ने 'स्लम डॉग' की एक क्लिप भी शेयर की। इसके कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, ''आप सभी मिलिए गौरी हेगड़े से। जो कि एक दृढ़, निडर और हमेशा अपने सिद्धांतों पर डटी रहने वाली महिला है। इस फिल्म के लिए हैदराबादी बोलने में बहुत मजा आया।' कैप्शन में तब्बू ने फिल्म के निर्देशक पुरी जगन्नाथ का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही प्रोड्यूसर चार्मी कौर का भी शुक्रिया अदा किया।

### 'स्लमडॉग 33' के बारे में

फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ ने किया है। वहीं इसे पुरी के साथ मिलकर अभिनेत्री चार्मी कौर ने भी प्रोड्यूस किया है। फिल्म में विजय सेतुपति एक बहुत ताकतवर और बेबाक किरदार निभाएंगे। यह एक पैन इंडिया प्रोजेक्ट है जिसे पांच भाषाओं तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की कास्ट में विजय और तब्बू के अलावा संयुक्ता, दुनिया विजय, ब्रह्मा-जी और वीटीवी गणेश भी अहम भूमिकाओं में हैं।